# यश भारत
नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 78 ● कटनी ● शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## शिरडी साईं मंदिर में 4 करोड़ के सिक्के बैंकों ने भी लेने से हाथ खड़े कर दिए

शिरडी, एजेंसी। महाराष्ट्र के सबसे अमीर और देश-दुनिया में प्रसिद्ध शिरडी का साईं बाबा मंदिर ट्रस्ट अब भक्तों द्वारा दान किये जाने वाले सिक्कों से परेशान है। आलम यह है कि अब बैंकों ने भी इन सिक्कों को लेने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि अब यह अतिरिक्त सिक्के रखने के लिए उनके बैंक में जगह नहीं है। शिरडी मंदिर के पास साढ़े तीन से चार करोड़ रूपये के आसपास के सिक्के हैं। जिन्हें बैंकों ने लेने में आनाकानी शुरू कर दी है। वहीं मंदिर न्यास के पास इसे रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है।

## वकील के भेष में आए पति ने कोर्ट में महिला को मारी गोली

**नई दिल्ली, यशभारत।** राजधानी दिल्ली की कोर्ट भी अब सुरक्षित नहीं है. शुक्रवार सुबह साकेत कोर्ट में सनसनीखेज वारदात सामने आई. साकेत कोर्ट में सुबह एक महिला को गोली मार दी गई. पति-पत्नी के बीच चल रहे केस में महिला को गवाही के लिए कोर्ट लाया गया था. एनएससी थाना अध्यक्ष ने महिला को अपनी गाड़ी से अस्पताल में भर्ती कराया. घटना के बाद दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया. सूचना के बाद सारे वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं।

## » न्यूज गैलरी

### ईडी को क्रिकेट बुकी अनिल जयसिंघानी की 100 करोड़ की प्रापर्टी मिली



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

इंटरनेशनल क्रिकेट बुकी अनिल जयसिंघानी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय को जयसिंघानी से जुड़ी 100 करोड़ रुपए की कई प्रॉपर्टी मिली हैं। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर प्रॉपर्टी होटल, फ्लैट और दुकान के रूप में है। श्वष्ठ को जयसिंघानी और उनके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबी लोगों के कई बैंक खाते भी मिले है, जहां करोड़ों रुपए जमा किए गए हैं। महाराष्ट्र के ठाणे के उल्हासनगर के रहने वाले जयसिंघानी, आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में हजारों करोड़ रुपए के सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 2015 से ईडी की वांटेड लिस्ट में थे।

### सुप्रीम कोर्ट में सेम सेक्स मैरिज पर आज फिर सुनवाई

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 20 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर सुनवाई होगी। इस मामले में पिछले 3 दिन से लगातार सुनवाई हो रही है। गुरुवार को करीब 4 घंटे तक याचिकाकर्ताओं की ओर से दी गई दलीलों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि क्या शादी जैसी संस्था के लिए दो अलग जेंडर वाले पार्टनर्स का होना जरूरी है? इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की पांच जजों की संवैधानिक बेंच कर रही है।तीसरे दिन की सुनवाई खत्म करते हुए ष्टछ्वद्ब चंद्रचूड़ ने आगे बहस करने के लिए 13 वकीलों के नाम गिनाए। साथ ही यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस हर हाल में सोमवार को खत्म होगी। इसके लिए वकील आपस में चर्चा करके समय का बंटवारा कर लें।

### अलविदा की नमाज पर यूपी में अलर्ट, अतीक के बेटे उमर की कोर्ट में पेशी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।


अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या का बाद उत्तर प्रदेश के लिए शुक्रवार का दिन अहम होने जा रहा है। ईश से पहले आज प्रदेशभर की मस्जिदों में अलविदा की नमाज होगी। आशंका है कि नमाज के बाद लोग सड़कों पर उतरकर हंगामा कर सकते हैं। इसको लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है।जुमे की नमाज को देखते हुए यूपी के कुछ इलाकों, खासतौर पर प्रयागराज को संवेदनशील बताया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मुस्लिम धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित किया है, ताकि नमाज के बाद किसी तरह की अप्रिय स्थिति ना बने।अतीक के बेटे की कोर्ट में पेशी आजइस बीच, अतीक के बेटे उमर अहमद को आज लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाना है। अपहरण के केस में उस पर आरोप तय हुए हैं। अमर अभी नैनी जेल में कैद है। माना जा रहा है कि उसे कड़ी सुरक्षा के बीच लखनऊ सीबीआई कोर्ट लाया जाएगा। उमर पर आरोप है कि उसने लखनऊ के एक व्यापारी का अपहरण किया था।

# आधी रात ट्विटर ने हटाए ब्लू टिक

## सुपरस्टार से लेकर बड़े राजनेता और खिलाड़ी भी शामिल

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने बीती रात बड़ी कार्यवाही करते हुए सभी अकाउंट्स से ब्लू टिक हटा दिए। भारत में जिन अकाउंट्स पर यह कार्यवाही की गई है कि उनमें सुपर स्टार से लेकर दिग्गज राजनेता और नामी गिरामी खिलाड़ी शामिल हैं। बता दें. इस साल के शुरू में ट्विटर ने ब्लू टिक को सब्सक्रिप्शन आधारित किया था। इसके लिए एक कीमत भी तय की गई थी। इसके लिए पहले एक अप्रैल की आखिरी तारीख तय की गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 20 अप्रैल कर दिया गया था। अब जिन लोगों ने इस राशि का भुगतान नहीं किया, उनका ब्लू टिक हटा दिया गया है। जानकारों के मुताबिक, अब ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन या संस्थागत रूप से ही मिलेगा।




भारत में इनके ब्लू टिक हटे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सलमान खान, शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकल, विराट कोहली, बसपा सुप्रीमो मायावती।

### दुनियाभर में एक साथ एक्शन

भारतीय समयानुसार गुरुवार देर रात, कई यूजर्स ने शिकायत की कि उनका ब्लू टिक गायब हो गया है। यूजर्स ने अपने प्रोफाइल के स्क्रीनशॉट पोस्ट भी शेयर किए। जल्द ही साफ हो गया कि ट्विटर ने अपनी प्लानिंग पर एक्शन शुरू कर दिया है। उन खातों से नीले चेक हटा दिए गए, जिन्होंने मासिक शुल्क का भुगतान नहीं किया।

### क्या होता है ट्विटर का ब्लू टिक

ब्लू टिक का मतलब है कि उक्त अकाउंट को ट्विटर द्वारा सत्यापित किया गया है। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि ट्विटर के पास अभी लगभग 3,00,000 सत्यापित यूजर्स हैं, जिनमें कई पत्रकार, एथलीट और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। एलन मस्क ने कहा था कि अगर ब्लू टिक चाहिए तो इसके लिए हर महीने भुगतान करना पड़ेगा।

# चरगवां में पिता ने 8 माह की बच्ची-पत्नी को जहर देकर फांसी पर लटकाया

## बाद में खुद झूल गया फंदे पर

**जबलपुर,यशभारत। चरगवां के बिजना गांव में एक पिता ने पहले अपनी 8 माह की बच्ची और पत्नी को जहर दिया इसके बाद उन्हें फांसी पर लटका दिया और कुछ देर बाद खुद फांसी पर झूल गया। इस घटना को लेकर पूरे गांव में सनसनी मची हुई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों के शव पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग को जांच में लिया है।**



बीती रात हुई इस घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बिजना ग्राम निवासी 25 वर्षीय अखिलेश यादव, 21 वर्षीय अंजना यादव एवं 8 माह की बच्ची आराध्या यादव के शव फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले । पुलिस के अनुसार पति-पत्नी के बीच में किसी बात को लेकर काफी दिनों से मनमुटाव की स्थिति बनी रहती थी इसी बात को लेकर दोनों तनाव में चल रहे थे। जानकारी के अनुसार घटना दम्यिानी रात 12:00 बजे के बाद की बताई जा रही है घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

### घरेलू विवाद सामने आया, पुलिस जुटी जांच में

बताया जा रहा है कि मृतक अखिलेश यादव ने पहले पत्नी और बेटी को जहर दिया ।इसके बाद दोनों को फांसी में लटका दिया। उसके कुछ देर बाद खुद भी फांसी पर झूल गया। घटना को लेकर पुलिस ग्रामीणों से और मृतकों के परिजनों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को घरेलु विवाद के कारण यह घटना होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटनास्थल पर कांच की शीशी बरामद हुई है। जिसे जांच के लिए फॉरेंसिंक लैब भेजा जाएगा।

# ओएमजी! सिर मगरमच्छ जैसा और धड़ मछली का

### विचित्र जीव मिला राजधानी भोपाल के बड़े तालाब में

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है. प्रदेश की राजधानी भोपाल के बड़े तालाब में ऐसी मछली मिली है, जिसका जबड़ा मगरमच्छ की तरह है. यह इंसानों पर भी हमला कर सकती है. खास बात यह है कि यह मछली अमेरिका में पाई जाती है. इसे एलीगेटर गार फिश कहा जाता है. वन विभाग को समझ नहीं आ रहा कि यह मछली आखिर भोपाल के बड़े तालाब में आई कैसे. उसके इसलिए भी होश उड़े हुए हैं, क्योंकि अगर एलीगेटर गार फिश ज्यादा संख्या में बड़ा तालाब में है तो वह इसका ईको-सिस्टम खराब कर देगी. हिंसक होने की वजह से वह दूसरी प्रजाति की मछलियों का सफाया कर देगी. इसमें उसे ज्यादा समय भी नहीं



लगेगा। दरअसल, 19 अप्रैल को भोपाल में एलिगेटर गार फिश का वीडियो वायरल हुआ. एक शख्स जब फिशिंग कर रहा था, तो ये मछली उसके जाल में फंस गई. उसने खुद एलिगेटर गार फिश को देखकर हैरानी जताई. इसलिए उसने वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए. उसे मिली मछली की लंबाई करीब डे? फीट है. एक्सपर्ट का कहना है कि इस मछली की लंबाई 12 फीट तक हो सकती है. यह मछली पूरी तरह मांसाहारी होती है. एक्सपर्ट बताते हैं कि इस मछली की उम्र 18 से 20 साल तक होती है।

### बड़े तालाब की मछलियों को खतरा

एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर एलिगेटर गार फिश वाकई बड़े तालाब में मिली है. और, अगर इसकी संख्या तालाब में ज्यादा है, तो यह इसका पूरा का पूरा ईको-सिस्टम बर्बाद कर देगी. यह दूसरी प्रजाति की मछलियों का तुरंत सफाया करती जाएगी. इसकी पूरी जानकारी हासिल कर इसकी संख्या पर रोक लगाई जानी चाहिए. सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि अमेरिका की मछली आखिर भोपाल के बड़े तालाब में पहुंची कैसे।

## मणिपुर भाजपा में असंतोष? मुश्किल में सीएम बीरेन सिंह! 1 हफ्ते के अंदर 3 विधायकों ने छोड़े सरकारी पद

■ इम्फाल, ईएमएस।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के खिलाफ बढ़ते असंतोष की अटकलों के बीच, एक अन्य भाजपा विधायक- पी ब्रोजेन सिंह, जो वांगजिंग तेंथा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं- ने गुरुवार को एक सरकारी पद से इस्तीफा दे दिया. मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में ब्रोजेन ने मणिपुर डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के लिए 'व्यक्तिगत कारणों' का हवाला दिया. द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक एक सप्ताह की अवधि में यह तीसरा इस्तीफा है, जो भाजपा की मणिपुर इकाई में बढ़ते असंतोष का संकेत देता है। इससे पहले 13 अप्रैल को, पूर्व पुलिस अधिकारी और हिरोक विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने मुख्यमंत्री के सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया था. इसके चार दिन बाद, लंगथबल निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले करम श्याम ने भी मणिपुर पर्यटन निगम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# सूरत सेशन कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी को निराशा, अब हाईकोर्ट का खटखटाएंगे दरवाजा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



गुजरात के सूरत की एक सेशन कोर्ट ने गुरुवार को आपराधिक मानहानि के मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी की 2 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. इसके बाद सूरत ट्रायल कोर्ट में राहुल गांधी की तरफ से पेश होने वाले वकील किरीट पानवाला ने कहा कि पूर्व सांसद राहुल गांधी गुजरात हाईकोर्ट में अपनी अपील को खारिज करने के फैसले को चुनौती देंगे. उन्होंने कहा कि 'यह फैसला निराशाजनक है, लेकिन हम सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे और हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने की उम्मीद है.'। सूरत की एक कोर्ट ने आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराया और 23 मार्च को सजा सुनाई थी. 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक खबर के मुताबिक राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने की अपील को सेशन कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया कि कर्नाटक में 2019 की एक चुनावी रैली में उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी एक जन प्रतिनिधि के लिए शोभा नहीं देती थी. कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी से 'नैतिकता के ऊंचे स्तर की उम्मीद है. अतिरिक्त सेशन जज रॉबिन मोगेरा ने कहा कि 'यह कोई विवादित तथ्य नहीं है कि अपीलकर्ता (तत्कालीन) एक सांसद और दूसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का अध्यक्ष था. अपीलकर्ता के कद को देखते हुए उसे अपने शब्दों के लिए अधिक सावधान रहना चाहिए था, जिसका एक बड़ा प्रभाव होगा लोगों के दिमाग पर होता है.' अदालत ने राहुल के इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि अगर सजा पर रोक नहीं लगाई गई तो उन्हें 'बहुत बड़े नुकसान' का सामना करना पड़ेगा. ट्रायल कोर्ट से उन्हें दो साल की सजा सुनाए जाने के कारण उनके आठ साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लग जाएगी. इसी सजा के कारण राहुल गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत सांसद के अयोग्य ठहराया गया. सेशन कोर्ट अब 20 मई को राहुल की दो साल की सजा को चुनौती देने वाली 3 अप्रैल की याचिका के दूसरे भाग पर सुनवाई करेगी. पानवाला ने कहा कि सजा पर अदालत का फैसला आने तक राहुल गांधी जमानत पर हैं।

# पुंछ हमले का बदला लेगी सेना, आतंकियों की तलाश जारी

## भयंकर मंजर... किसी की टांग तो किसी का हाथ सड़क किनारे बिखरा पड़ा था

■ श्रीनगर, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। आतंकियों ने खराब मौसम का फायदा उठाते हुए घात लगाकर हमला किया। हमले को उस समय अंजाम दिया गया जब गुरुवार को सेना का वाहन भीमबेर गली से संगीओत की ओर जा रहा था। घायल जवानों को राजौरी के सेना अस्पताल लाया गया है। अब तक की जांच के मुताबिक, आतंकियों ने पहले गोलियां चलाई, फिर ग्रेनेड फेंके, जिससे वाहन में आग लग गई। सघन तलाशी अभियान के बावजूद आतंकवादी मौके से भागने में सफल रहे और उन्होंने अपना ठिकाना बदल लिया। आतंकियों ने संगयोट में सेना के जिस वाहन पर हमला किया, उसमें सवार जवान इफ्तार पार्टी के लिए सामान लेकर अपनी कंपनी में लौट रहे थे। वहीं, पुंछ जिले के भाटादूड़ियां में आतंकी हमले के बाद सैन्य वाहन के भीतर और सड़क पर जिंदा जलते जवानों को देखने वाले चश्मदीदों ने घटना स्थला के मंजर के बारे में बताया। चश्मदीद आतंकी हमले के कुछ समय बाद घटनास्थल पर पहुंच गए थे। चश्मदीदों का कहना है कि भयंकर मंजर... किसी की टांग तो किसी का हाथ सड़क किनारे बिखरा पड़ा था। फिल्मों में तो कई बार लोगों को जिंदा जलते देखा, लेकिन हकीकत में पहली बार शहीदों को इस तरह देखकर रूह कांप गई।



### लोग बचाने के सैन्य वाहन की तरफ भागे

इन लोगों का कहना है कि वे जम्मू से पुंछ लौट रहे थे। जैसे ही उनके वाहन तोता गली के आगे पहुंचे तो उन्होंने सेना के एक वाहन को जलते देखा। उनके चालकों ने वहीं गाड़ियों की ब्रेक मार दी, और वह उतर कर सैन्य वाहन की तरफ भागे।

### आग की लपटों में घिरे थे जवान

उनके पीछे अन्य लोग भी भागते हुए वाहन के पास पहुंचे तो वाहन से उठ रहीं आग की लपटों के बीच दो जवानों को वाहन के अंदर आग से लिपटे देखा। कुछ जवान वाहन के नीचे स ?क पर आग में लिपटे हुए थे। उनकी वर्दियों के साथ ही उनके शरीर बुरी तरह जल रहे थे, और मांस के जलने की हल्की हल्की दुर्गंध भी उठने लगी थी।

### इंसानों को जलते देख कांप गई रूह

वाहन चालकों ने हिम्मत दिखाते हुए जवानों के जिस्म पर लगी आग को बुझाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था। आंखों के सामने पहली बार असल में इंसानों को जलते देख उनकी रूह कांप गई। ऐसा लगा कि सभी लोग पत्थर में बदल गए हों। इस बीच अन्य कई वाहन भी मार्ग पर रुके और उनके यात्री भी शोर मचाते हुए पहुंचे। वे भी हिम्मत कर आग बुझाने लगे। लेकिन, वहां का मंजर बड़ा ही भयंकर था। जलते इंसानों के साथ किसी की टांग, किसी का हाथ तो किसी का शव सड़क किनारे पड़े देखा। जहां सब जवानों के शरीर आग में झुलस गए थे, वहीं एक जवान सड़क के किनारे औंधे मुंह पड़ा था। सोचा कि वह बेहोश है, लेकिन जैसे ही उसे सीधा किया तो पांव के नीचे से जमीन ही निकल गई। उसके माथे पर बने गड्ढे से बहुत खून बह रहा था।इस बीच पीछे से कुछ लोग चिल्लाए कि गोलियां मारी हैं गोलियां। हमें तब भी समझ नहीं आया कि वे क्या बोल रहे हैं। इसी बीच सेना के जवान वहां पहुंच गए और वहां से सभी को भगा दिया गया।

# कई देशों में चावल की कमी



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दुनिया के अनेक हिस्सों में चावल का उत्पादन लगातार गिर रहा है। इस सूची में चीन से लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ तक शामिल हैं। यह वैश्विक चावल बाजार में दो दशकों में सबसे बड़ी कमी है। संकट की वजह चीन में खराब मौसम और रूस-यूक्रेन युद्ध को बताया जा रहा है। इसके चलते दुनियाभर में चावल की कीमतें बढ़ रही हैं। चावल दुनिया के सबसे अधिक खेती वाले अनाजों में से एक है। फिच सॉल्यूशंस की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के सबसे बड़े चावल उत्पादक देश चीन, अमेरिका, यूरोपीय संघ में इस अनाज का उत्पादन तेजी से घटा है। फिच सॉल्यूशंस के कमोडिटी एनालिस्ट चार्ल्स हार्ट के मुताबिक, चावल बाजारों में 1.86 करोड़ टन की कमी हुई है। हार्ट ने कहा, त्वैश्विक स्तर पर, चावल की कमी का स्पष्ट प्रभाव रहा है, चावल की कीमतें एक दशक के उच्च स्तर पर हैं। रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के चलते चावल की आपूर्ति कम हो गई है।इसके अलावा, चीन और पाकिस्तान जैसे चावल उत्पादक देशों में खराब मौसम भी इस संकट के कारक हैं।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


# सूडान के गृहयुद्ध में फंसे कई भारतीय होटल में कैद, बिना बिजली, पानी काट रहे दिन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स और सूडानी सशस्त्र बल के बीच संघर्ष का असर भारतीयों पर भी पड़्रहा है. डेकन हेराल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार दोनों सशस्त्र बलों में हो रही गोलीबारी की चपेट में आने के कारण केरल के रहने वाले एक व्यक्ति की जान चली गई. इसके बाद से सूडान में फंसे भारतीयों के परिजनों की ओर से सरकार से अपील की जा रही है कि उन्हें वापस घर लाने के लिए निकासी योजना बनाई जाए. सूडान में भारतीय नागरिकों की स्थिति के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया के बीच सोशल मीडिया पर कई कटाक्ष भी साझा किये गए। इस बीच सूडान में फंसे एक भारतीय नागरिक ने बताया कि उनके होटल में पांच दिनों से बिजली नहीं है. भोजन और पानी की आपूर्ति भी कम है. इससे पहले अर्धसैनिक बलों ने होटल में लूटपाट की थी. खार्तूम के अधिकांश हिस्से में बिजली भी नहीं है और



अर्धसैनिक बल मरम्मत की अनुमति नहीं दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बल द्वारा लूटपाट एक बड़ी समस्या थी और उन्होंने सरकार से अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के माध्यम से भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया. मुंबई के रहने वाले सूडान के एक अन्य यात्री ने कहा कि हवाईअड्डे पर दोनों पक्षों के बीच झड़प का दृश्य बनने के बाद वह कई किलोमीटर पैदल चले और एक होटल में शरण ली, जिसमें अब बिजली नहीं है।

## इस साल दुनिया कर सकती है भीषण गर्मी का सामना

# पारा बनाएगा नए रिकॉर्ड, मौसम वैज्ञानिकों की चेतावनी

■ ब्रूसल, एजेंसी।

हर साल गर्मी बढ़ती जा रही है। पूरी दुनिया बढ़ते तापमान का सामना कर रही है। ऐसे में वैज्ञानिकों का मानना है कि इस साल दुनिया रिकॉर्ड भीषण गर्मी का सामना कर सकती है। बता दें, यह अल नीनो की वापसी के कारण होगा। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और अल नीनो मौसम की घटना वजह से दुनिया 2023 या 2024 में एक नए औसत तापमान रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। जलवायु वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रशांत महासागर में ला नीना मौसम के तीन साल बाद दुनिया इस साल के अंत में अल नीनो की वापसी का अनुभव करेगी। दरअसल



ला नीना आम तौर पर वैश्विक तापमान को थोड़ा कम करता है, जबकि अल नीनो गर्म तापमान महसूस कराता है। यूरोपीय संघ के कोपर्निकस क्लाइमेट के निदेशक कार्लो बूनटेम्पो ने बताया कि अल नीनो सामान्य रूप से वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ तापमान से जुड़ा है। साल 2023 या 2024 तक यह देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु मॉडल पर ध्यान दें तो यह हमें चेतावनी दे रहे हैं कि थोड़ी देर से ही सही लेकिन गर्मियों में अल नीनो की वापसी देखी जाएगी।

### पिछले आठ साल सबसे गर्म

अब तक रिकॉर्ड पर दुनिया का सबसे गर्म वर्ष 2016 था। यह अल नीनो की वजह से ही दर्ज किया गया था। हालांकि अभी की बात करें तो जलवायु परिवर्तन की घटना के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में अल नीनो के बिना ही आप रिकॉर्ड वृद्धि देख सकेंगे। गौरलतब है पिछले आठ साल दुनिया के सबसे गर्म थे।

### अल नीनो का मौसम पर क्या पड़ता है असर

अल नीनो के कारण प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह तापमान सामान्य से ज्यादा हो जाता है यानी गर्म हो जाता है। इस परिवर्तन के कारण मौसम चक्र बुरी तरह से प्रभावित होता है। अल नीनो का असर दुनिया भर में महसूस किया जाता है, जिसके कारण बारिश, ठंड, गर्मी सब में अंतर दिखाई देता है। अब मौसम के बदल जाने के कारण कई स्थानों पर सूखा पड़ता है तो कई जगहों पर बाढ़ आती है। जिस साल अल नीनो की सक्रियता बढ़ती है, उस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून पर इसका असर पड़ता है। इससे धरती के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा होती है तो कुछ हिस्सों में सूखे की गंभीर स्थिति सामने आती है। हालांकि कभी-कभी इसके सकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं, उदाहरण के तौर पर अल नीनो के कारण अटलांटिक महासागर में तूफान की घटनाओं में कमी आती है।

## मौसम में फिर परिवर्तन, पारा आया नीचे, किसान परेशान, बीमारियां बढ़ने का अंदेशा

# देर रात आंधी-तूफान से खुली लोगों को नींद, कई जगह नुकसान की खबर



**कटनी, यशभारत।** पश्चिमी विक्षोभ का असर जिले में एक बार फिर देखने को मिल रहा है। बीती मौसम में रात से अचानक परिवर्तन के साथ ठंडी हवाएं चलने लगीं तेज हवाओं से आंधी तूफान सा माहौल बन गया देर रात तक यह माहौल चला हल्की बूंदाबादी हुई इस बीच हवा से बोर्ड होर्डिंग फ्लेक्स आदि भी कई जगह उड़ गये। कटनी में तेज हवा चले और बिजली की व्यवस्था न चरमारए ऐसा भला कैसे हो सकता है। ठीक इसी का फिर से उदाहरण देखने को मिला तेज हवा का असर सबसे पहले शहर और पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था पर पड़ा अधिकांश क्षेत्रों की बिजली बंद हो गई। व्हाट्सएप ग्रुपों में हर जगह से लाइट बंद होने की सूचनाए मिल रहीं थीं। बिजली अमला इधर उधर दौर कर व्यवस्था ठीक करने में जुटा था पूरी रात आसमान पर बादलों के डेरे के साथ तेज हवा लेकिन ठंडी हवा से गर्मी में राहत दिखी हालांकि आज सुबह से फिर से तेज धूप निकली हालांकि तापमान में कल के मुकाबले आज कमी थी। रह रह कर बदल रहा था आसमान मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान अगले 24 घंटे में जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। दूसरी और फसलों के नुकसान को लेकर उनका कहना है कि जो फसलें पक कर तैयार हो गई हैं, उनको नुकसान हो सकता है और किसानों को सलाह है कि वे तैयार फसलों को कटाई कर सुरक्षित कर लें। सुबह लोग जब नींद से ठंडी हवा चल रही थी जो बीते कई दिनों से गर्मी में काफी हद तक राहत पहुंचा रही थी। कटनी शहर ही नहीं वहीं जिले के कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई है। आसमान में बादलों के बीच धूप छांव की स्थिति अभी बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास ट्रफ के रूप में सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी में भी एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने से हवा में नमी आने से बादल बन रहे हैं। हवा का रुख भी उत्तरी पश्चिमी हो गया है। जिससे कि महाकोशल क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में आसमान में बादल बने हुए हैं। यह स्थिति अगले दो दिन और रह सकती है। लोगों में चर्चा थी कि इन दिनों अप्रैल माह भी आधे से ज्यादा गुजर गया है लेकिन आसमान में बादल और पश्चिमी विक्षोप के कारण अब तक लोगों वैसी गर्मी का अहसास नहीं हुआ। वैसे बीते दो दिनों में पारा अचानक चढ़ कर 40 पार तक पहुंच गया था लेकिन कल रात फिर से ठंडक का अहसास हो रहा है। लोगों का कहना है कि ठंडक का अहसास भले ही सुकून देने वाला हो लेकिन यह स्वाथ्य के लिए सही नहीं है। इसी तरह बारिश की संभावना किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पैदा कर रही हैं।



## गांव-गांव चल रही अवैध पैकारियों को बंद किये जाने सरपंच संघ ने उठाई मुहिम

### थाना क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब के विरोध में सरपंच संघ,ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** शराब का नया ठेका होते ही कटनी जिले की रीठी थाना क्षेत्र मैं गांव गांव अवैध शराब बिक्री जोरों पर चल रही हैं गांव गांव गली गली शराब बिक्री व अवैध पेकारिया धड़ल्ले से संचालित की जा रही है। जिसका विरोध प्रदर्शन करते हुए बीते कल मंगलवार को सरपंच संघ ने रीठी थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा है। सरपंच संघ ने बताया है की रीठी क्षेत्र के गांव गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद कराए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है जिसमे क्षेत्र भर में गांव-गांव अवैध पेकारियो के माध्यम से शराब बिक की जा रही है। जिसके कारण युवा पीढ़ी नशे की लत की आदि हो रहे हैं। साथ ही गांव का माहौल खराब हो रहा है। घर परिवार में वातावरण नशे की कारण बत से बत्तर हो गया है। वहीं मध्यप्रदेश सरकार नशा मुक्ति अभियान चलाकर नशा नाश की जड़ है का दावा करती है तो दूसरों ओर गाली चौराहों मैं अवैध शराब की बिक्री हो रही है। जिसके कारण आए दिन गाली गलौज और लड़ाई झगड़े गाव में देखे जाते है। जिसका खामियाजा महिलाओं आदि को भुगतना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से सरपंच संघ ने क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब को तत्काल बंद कराए जाने की मांग की है। विचारणीय बिंदु यह है कि जब शासन ने अधिकृत शराब दुकान से ही शराब की बिक्री की अनुमति दी गई हैं तो क्षेत्र में आखिर किसके आशीर्वाद से अवैध शराब की बिक्री चल रही है। ऐसे में सत्ताधारी दल और विपक्ष दोनों मौन क्यों है?

# विष्णु के 6वें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव कल, अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

## आज भी धरती पर विद्यमान हैं परशुराम जी

**कटनी, यशभारत।** भगवान विष्णु दशावतारों में से एक भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन अक्षय तृतीया का त्योहार भी मनाया जाता है। महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र परशुराम जी भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे। इस बार परशुराम जयंती कल 22 अप्रैल 2023 को मनाई जाएगी। इस तिथि को प्रदोष व्यापिनी रूप में ग्रहण करना चाहिए क्योंकि भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल ही है। परशुराम भगवान को लेकर एक मान्यता ये भी है कि वे आठ चिरंजीवी पुरुषों में से एक हैं जो आज भी धरती पर विद्यमान हैं।



## ऐसे 'राम' से बने परशुराम

पुराणों में 8 महापुरुषों का वर्णन है जिन्हें अजर-अमर माना जाता है, इनमें हनुमान जी, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, भगवान परशुराम, ऋषि मार्कण्डेय, राजा बलि, महर्षि वेदव्यास और विभीषण शामिल है. जन्म के बाद माता-पिता ने भगवान परशुराम का नाम 'राम' रखा गया था। वह भगवान शंकर के परम भक्त थे, उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने उन्हें कई शस्त्र दिए थे, जिसमें से एक फरसा था. फरसा को परशु भी कहा जाता है. फरसा मिलने के बाद उन्हें परशुराम के नाम से जाना जाने लगा।

### रक्षा के लिए कृष्ण को सौंपा था सुदर्शन चक्र


भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण को परशुराम जी ने ही सुदर्शन चक्र सौंपा था। शिक्षा ग्रहण करने के बाद भगवान कृष्ण की मुलाकात जब परशुराम से हुई तब उन्होंने दुष्टों का नाश करने के लिए सुदर्शन चक्र कान्हा को दे दिया. यह कहते हुए कि यह युग अब आपका है.

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कल भव्यता से निकलेगी शोभायात्रा

### शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन कटनी से आरती के पश्चात शुरू होगा जुलूस

**कटनी।** भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा इस बार भी भव्यता के साथ शहर में निकलेगी। 22 अप्रैल शनिवार को शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन कटनी से परशुराम जी की आरती के पश्चात जय घोष करती हुई शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। ब्राह्मण समाज कटनी की ओर से शोभा यात्रा की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शोभायात्रा से एक दिन पूर्व शुक्रवार की शाम शोभायात्रा में भक्तों को आमंत्रण देने वाहन रैली शहर में निकली। शोभायात्रा रेलवे स्टेशन कटनी से प्रारंभ होकर मेन रोड, सुभाष चौक,झंडा बाजार, शेर चौक,आजाद चौक, जगन्नाथ चौक से होती हुई ब्राह्मण सत्संग भवन मसुरहा घाट कटनी में पहुंचेगी। यहां भगवान परशुराम जी की आरती और प्रसाद वितरण के साथ ही शोभायात्रा का समापन होगा। ब्राह्मण समाज कटनी की ओर से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील सभी जनों से की गई है। इसी तरह कल मंदिरों में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

## खेलों को बढ़ावा देने के लिए उठाया अच्छा कदम एसीसी ने किया क्रिकेट स्पर्धा को स्पांसर



**कटनी, यशभारत।** एसीसी ने खेलों का बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट प्रायोजित किया है।किमोर प्लांट के पास कोठी और अमरपाटन जिलों में एसीसी ने अपने राष्ट्र निर्माण दर्शन के साथ संरेखित करते हुए कंपनी के किमोर संयंत्र के पास कोठी और अमरपाटन जिलों में एक क्रिकेट टूर्नामेंट प्रायोजित किया है। मध्य प्रदेश, 20 अप्रैल, 2023- अडानी सीमेंट की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी और अडानी समूह का हिस्सा एसीसी लिमिटेड ने कंपनी के किमोर प्लांट के पास कोठी और अमरपाटन जिलों में एक क्रिकेट टूर्नामेंट प्रायोजित किया है। उल्लेखनीय है कि कंपनी राष्ट्र निर्माण के अपने दर्शन के अनुरूप स्थानीय समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने में हमेशा सबसे आगे रही है। टूर्नामेंट में विभिन्न स्थानीय खेल टीमों ने भागीदारी निभाई, जिन्होंने अपनी खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय कल्याण मंत्री और सांसद ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने विजेताओं को ट्राफियां वितरित कीं और उन्हें खेल के प्रति अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। एसीसी ने हमेशा उन स्थानीय खिलाड़ियों को सम्मानित और प्रेरित करने की पहल की है, जो किमोर प्लांट के पास ग्रामीणों के बीच खेल और खेलों संबंधी गतिविधियों में रुचि दिखाते हैं। यह क्रिकेट टूर्नामेंट खेलों को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता स्थानीय समुदायों के लिए प्रेरणा रही है। ऐसी पहलों के माध्यम से, एसीसी का लक्ष्य अपने संयंत्रों के आसपास एक स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान देना है। कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्ध है और स्थानीय समुदायों के समग्र विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करना जारी रखेगी।



## पांच बड़े कर्मचारी संगठन आए साथ, सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** प्रांत के पाँच बड़े संघठन मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ तृतीय कर्मचारी संघ वाहन चालक कर्मचारी संघ एवं पेंसनर एसोसिएशन संघ ने संयुक्त रूप से अपनी 17सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम् से कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। जिसमे पाँचो संघो के जिलाध्यक्ष महेंद्र तिवारी अवधेश दाहिया पूर्णेश उइके आदिल खान अनंत तिवारी व पदाधिकारि एवं सदस्य गण अनिल खम्परिया अजय गौतम राकेश जसुजा गणेश आरख,राम प्रताप दाहिया,संजीव महतो,अरुण दाहिया, रामाधार सरावगी, मनोज बर्मन,डी पी पटेल भारत भवेदी, दुर्गा पटेल, रमाकांत कोरी, चंद्र शेखर पटेल, कामता चौधरी, मोहित बर्मन, नीलेश पौराणिक, हरीश बेन, धर्मेंद्र राज, सदानंद, सौरभ सिंह, रामनरेश यादव, अजमुद्दीन, ज्ञानेन्द्र, कमलेश, हमीद खान, सुजीत शुक्ला, शकुन उसरेठे, रत्ना ठाकुर, ललिता ज्योति, उमेश से आशीष कोरी पदम पटेल एवं समस्त कर्मचारियो की उपस्थिति रही है।

# संकल्प से सिद्धि मंत्र किसी भी कठिन चुनौती से निपटने में सक्षम

## जिला कार्यालय में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक, कई अहम जानकारियां दी गईं

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प से सिद्धि के मंत्र को अंगीकार कर किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम ही नहीं कामयाब भी होता है। भाजपा जिला कार्यालय आज महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने यह विचार व्यक्त किये। बूथ विस्तारक अभियान के कुछ बचे हुए कार्य को अगले 5 दिनों में सभी कार्यकर्ता जुट कर पूर्ण करेंगे इस संकल्प को दिलाते श्री टण्डन ने पार्टी की गतिविधियों तथा आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने 24 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रीवा आगमन को लेकर सभी से आव्हान किया कि मध्यप्रदेश में हमारे नजदीकी जिले में प्रधानमंत्री के आगमन हेतु पार्टी जो भी दिशा निर्देश देगी हम सभी उसपर अक्षरशः अमल करेंगे। इसी तरह 26 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कटनी प्रवास को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावा 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 100 वां संस्करण प्रत्येक विधानसभा में कम से कम 100 स्थान पर मन की बात को सुनने की तैयारियों के बारे में आवश्यक जानकारी ली। बैठक को सम्बोधित करते जिला महामंत्री श्री सुनील उपाध्याय ने बताया कि कि कटनी जिले ने बूथ विस्तारक अभियान 2 पर बेहतरीन कार्य किया है। कुछ कार्य बाकी है जिसे सभी मिलकर पूर्ण करेंगे। उन्होंने पार्टी के निरन्तर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी के सहित आव्हान किया कि आने वाला समय हम सभी के लिए अति संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण है। हम सभी कार्यकर्ता को हर वक्त पूर्ण सजग एवं दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। इस अवसर पर अंत्योदय समिति बहोरीबंद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जयरत्नम एवं रीठी अंत्योदय समिति के अध्यक्ष ओमकार मिश्रा तथा जिला वनउपज समिति के निर्वाचित अध्यक्ष नरेश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष नब्बो बाई चौधरी का जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन एवं बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय की उपस्थिति में भाजपाजनों ने स्वागत किया तथा दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। आभार प्रकट जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता, मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, सुरेश राय,भारत पटेल, जिला मंत्री अंकिता तिवारी, रामू साहू, विजय दुबे, धीरेंद्र सिंह, प्रकाश सिंघानिया, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, अर्पित अग्रवाल, मंडल प्रभारी रवि खरे, ललित जायसवाल, उदयराज सिंह, मयंक गुप्ता, यज्ञदत्त मिश्रा, सचिन तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, अभिषेक ताम्रकार, वागीश आनन्द, मनीष देव मिश्रा, नितिन पांडेय, मनोज तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र कोल, आईटी संयोजक संकल्प तिवारी, इमरान फरीदी आदि उपस्थित थे









यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 21 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# खाम्हा में एक सप्ताह से फैली थी बीमारी स्वास्थ्य विभाग ने बरती लापरवाही

## आधा सैकड़ा लोग चपेट में, बच्चे की मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन, लिया स्थिति का जायजा



### अस्पताल ले जाने का भी नहीं मिल समय

सरपंच ने बताया कि अरविंद पटेल के अनुसार उनके बच्चे में कुछ दिनों से बीमारी के लक्षण थे। गुरुवार को अचानक तेज बुखार आया और बच्चे को अस्पताल ले जाने तक का मौका नहीं मिला। परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाते, तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। गांव की आबादी करीब दो हजार से ज्यादा है। संक्रमण का असर सबसे अधिक बच्चों पर है। कुछ घरों में युवा भी इसकी चपेट में है। तेज बुखार के चलते सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

**कटनी, यशभारत। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान के अंतर्गत ग्राम खाम्हा में तेज बुखार की चपेट के बाद अब स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। तेज बुखार से आधा सैकड़ा लोगों के संक्रमित होने के बाद जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ने आनन-फानन गांव पहुंचकर न केवल संक्रमितों का उपचार शुरू किया, बल्कि घर-घर सर्वे कराकर इस बीमारी से पीड़ित लोगों का पता लगाया जा रहा है। इसके अलावा मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए आईसीएमआर जबलपुर भी भेजा जा रहा है।**

गांव में पिछले एक सप्ताह से लोग पीड़ित थे लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसका नतीजा एक बच्च की मौत के रूप में सामने आया। बीएमओ का कहना है कि बीमारी का पता लगाया जा रहा है। वायरल संक्रमण से लोगों के तेज बुखार से पीड़ित होने की खबर मिलने के बाद कलेक्टर अवि प्रसाद भी देर रात स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे और मरीजों के इलाज के साथ अन्य आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### मरीजों का उपचार, घर-घर सर्वे, बीमारी का पता लगाने कराई जाएगी जांच

जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम खाम्हा में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के अचानक बीमार होने की खबर के बाद हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई। लाल चकत्तों व दानों के साथ फैले संक्रमण के कारण आधा सैकड़ा से ज्यादा लोग पीड़ित हो गए। गुरुवार को यहां एक मासूम बच्चे की मौत भी हो गई, जिसका नाम अंश पटेल तीन वर्ष बताया गया। अचानक फैली इस बीमारी से घर-घर लोग परेशान रहे। स्वास्थ्य अमला भी इस बीमारी को गंभीरता से नहीं ले रहा था। खबर कलेक्टर अवि प्रसाद तक पहुंची। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय करते हुए स्वयं ग्राम खाम्हा पहुंच गए।

### एक के बाद एक बच्चे हो रहे थे संक्रमित

ग्राम पंचायत सरपंच सुशील पाल ने बताया कि करीब एक सप्ताह से गांव में यह बीमारी फैली हुई है। बच्चों को तेज बुखार, सर्दी, जुखाम, आंखों में लालिमा, आंखों में पसीना, शरीर में लाल चकत्ते, दाने व खुजली की समस्या बनी हुई है। एक के बाद एक बच्चे संक्रमित हो रहे थे। घर-घर लोग बीमार पड़े हैं। बताया जाता है कि करीब 70 बच्चे व बड़े इसकी चपेट में हैं। सरपंच ने बताया कि गुरुवार को गांव के निवासी अरविंद पटेल के तीन वर्षीय मासूम पुत्र अंशुल पटेल की मौत हो गई है, जबकि बेटा नैतिक 11 वर्ष व बेटी रेशमा 9 वर्ष भी बीमारी से पीड़ित हैं।

### इनका कहना है

खाम्हा गांव में आज सुबह से घर-घर सर्वे किया जा रहा है। सभी बीमार लोगों का इलाज शुरू किया गया है। स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। यह बीमारी मीजल्स नहीं है। इसे वायरल बुखार कह सकते हैं और चिकन पॉक्स की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

**-बी के प्रसाद, बीएमओ उमरियापान**

खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर सभी बीमार लोगों का इलाज शुरू किया गया था। आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

**-डॉ. पी के मुढ़िया, सीएमएचओ**



# कलेक्टर ने लिया बुखार प्रभावित बच्चों के इलाज प्रबंध का जायजा

### खसरे के लक्षण की जांच हेतु नमूना आईसीएमआर जबलपुर भेजने के निर्देश

खाम्हा में वायरल संक्रमण से लोगों के तेज बुखार से प्रभावित होने की खबर मिलते ही गुरुवार की देर रात कलेक्टर अवि प्रसाद जिला चिकित्सालय से विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की पूरी टीम लेकर खाम्हा पहुंचे। कलेक्टर ने बुखार प्रभावित बीमार बच्चों के परिजनों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। कलेक्टर ने चिकित्सकों की टीम को प्रभावितों के स्वास्थ्य की गहन निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम, पटवारी, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और एएनएम की टीम को गांव के हर घर का सर्वे करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया और बीएमओ डॉ बी के प्रसाद को निर्देशित किया कि बुखार से प्रभावित बच्चों में खसरे के लक्षण की जांच हेतु नमूने आईसीएमआर जबलपुर भिजवाएं, ताकि बीमारी के सही कारणों का पता लग सके और प्रभावितों का समुचित इलाज हो सके। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बीमारी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों और उनकी टीम को निर्देशित किया कि तेज बुखार से प्रभावित गंभीर स्थिति वाले मरीजों को उमरियापान या फिर उपचार की जरूरत के अनुसार जिला चिकित्सालय में इलाज किया जाए। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम खाम्हा में सुबह से ही बुखार प्रभावितों का घर-घर सर्वे एवं उपचार शुरु किया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव में ही एम्बुलेंस वाहन खड़ी रहे, ताकि जरूरत महसूस होने पर प्रभावितों को सुविधाजनक ढंग से जिला चिकित्सालय भेजा जा सके।

# उमरियापान में 5 लाख रुपये की लागत से बनेगी खेल मैदान की बॉउंड्रीवॉल

## विधायक ने अंधेलीबाग खेल मैदान की बॉउंड्रीबॉल का किया भूमिपूजन



**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान के अंधेलीबाग खेल मैदान की बॉउंड्रीबॉल निर्माण का विधायक विजयराघवेंद्र सिंह ने भूमिपूजन किया। विधायक निधि से स्वीकृत 5 लाख रुपये की राशि से खेल मैदान की बॉउंड्रीबॉल का निर्माण किया जाएगा। संतोष ट्रॉफी लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के 10 जनवरी को समापन समारोह में पहुंचे विधायक बसंत सिंह ने खेल ग्राउंड की बाउंड्री बाल निर्माण की घोषणा करते हुए खेल विकास समिति को 5 लाख रुपये का पत्र सौंपा था। बीते कई वर्षों से खेल विकास समिति द्वारा खेल मैदान में बॉउंड्री बॉल का निर्माण कार्य कराए जाने जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग की जा रही थी। खेल मैदान की बॉउंड्री बॉल का भूमिपूजन होने से खेल विकास समिति के पदाधिकारीए खेल प्रेमियों सहित ग्रामीणों में भी हर्ष है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मिश्रा, कांग्रेस नेता शिवकुमार चौरसिया, सरपंच अटल ब्यौहार, जागेश्वर सोनी, शैलेन्द्र पौराणिक, सुखदेव चौरसिया, राजेश ब्यौहार, खेल विकास समिति के अध्यक्ष आशीष चौरसिया, जितेन्द्र अरोरा, सिद्धार्थ दीक्षित, स्वतंत्र चौरसिया, विराट पांडेय, पंडा गोरे चौरसिया, प्रदीप, जगमोहन, आशीष चौरसिया, कुलदीप तिवारी, सचिव सतीश गौतम, रोजगार सहायक अतुल चौरसिया, प्रशांत, गोल्डी, लकी चौरसिया, संतोष पौराणिक सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



# 1934 किसानों से खरीदा गया डेढ़ लाख क्विंटल गेहूं

**कटनी, यशभारत।** रबी विपणन वर्ष में कृषकों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 1 अप्रैल प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गेंहू उपार्जन कार्य की गूगल मीट के माध्यम से रोजाना समीक्षा की जाकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये जा रह है। जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने बताया कि जिले में उपार्जन कार्य के अंतर्गत गुरूवार 20 अप्रैल की स्थिति में 1934 कृषकों द्वारा 1 लाख 51 हजार 885 क्विंटल गेहूं विक्रय किया गया है एवं 9532 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की गई है। कृषक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने स्लॉट की बुकिंग बेवसाइट कर सकते हैं। जिले में निर्धारित समस्त 85 गेहूँ उपार्जन केन्द्र क्रियाशील हैंए जहां पर कृषक बन्धु अपनी फॅसल का विक्रय स्लॉट बुकिंग की निर्धारित समयावधि में कर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रबी विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत चना उपार्जन के 23 किसानों के ईपीओ राशि भुगतान हेतु झिन्ना पिपरिया समिति द्वारा हस्ताक्षर किए जाने और शीघ्र ही किसानों के खाते में राशि प्राप्त हो जाने की जानकारी वर्चुअल बैठक में जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने दिया।

# जिले में अब तक दो लाख से ज्यादा महिलाओं ने भरे ऑनलाइन आवेदन

**कटनी, यशभारत।** राज्य शासन की महावाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना शिवरों का आयोजन किया जाकर पात्र आवेदनों के ऑनलाईन पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। योजना के अंतर्गत जिले के निर्धारित लक्ष्य के विपरीत गुरूवार तक 2 लाख 7 हजार 278 आवेदनों को सफ्लतापूर्पक ऑनलाईन दर्ज किये जाकर जिले ने 114.20 फीसदी लक्ष्य हांसिल कर लिया है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले की 6 जनपद पंचायत एवं 4 नगरी निकायों के अंतर्गत किये जा चुके आवेदनों के पंजीयन कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत अप्रैल माह तक आवेदन भरे जायेंगे। परीक्षण के बाद अंतिम सूची 1 मई को जारी की जायेगी। अंतिम सूची पर दावे आपत्तियां प्राप्त करने के लिये 15 मई तक की तिथि निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 16 से 30 मई तक किया जायेगा। पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची 31 मई को जारी की जायेगी और 10 जून से पात्र बहनों के खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि डालना प्रारंभ होगा।

### लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले में 114.20 प्रतिशत कार्य पूर्ण



### जिले में अब तक इतने आवेदन जमा

| नगरीय निकाय | जमा आवेदन |
|---|---|
| नगर परिषद विजयराघवगढ | 1311 |
| नगर परिषद बरही | 1925 |
| नगर परिषद कैमोर | 1972 |
| जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ | 29062 |
| जनपद पंचायत रीठी | 22357 |
| जनपद पंचायत बड़वारा | 33143 |
| जनपद पंचायत कटनी | 24183 |
| जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा | 33456 |
| जनपद पंचायत बहोरीबंद | 35296 |
| नगर निगम कटनी | 24573 |
| **कुल योग** | **207278** |

## कल के कार्यक्रम

### निरंकारी मिशन का तीन दिवसीय कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा कटनी में 3 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कल 22 अप्रैल को जागरूकता रैली, 23 अप्रैल को रक्तदान शिविर व 24 अप्रैल को सत्संग व लंगर का आयोजन किया गया है।

### भूमि प्रकट शारदा माता का प्राकट्य समारोह

श्री भूमि प्रकट शारदा माता मंदिर बरगवां में श्री भूमि प्रकट शारदा माता का प्राकट्य समारोह कल 22 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से मनाया जाएगा। भंडारे का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से जबलपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल (आल्हा) द्वारा देवीगीतों की समधुर प्रस्तुति दी जाएगी।



# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए गर्मी में दौड़े युवा

## मैराथन दौड़ में आदित्य प्रथम, अभिषेक द्वितीय व गोपी प्रसाद ने बनाया तृतीय स्थान



**कटनी, यशभारत।** शहर में स्वास्थ्य को जागरूक कराने तथा खेल का वातावरण विकसित करने हेतु मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता ड्रीम रनर्स क्लब एवं संदीप तिवारी के मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण सहयोग से 16 अप्रैल को फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में सुबह 7 मिनी मैराथन ड्रीम रन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ जितेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। यह दौड़ प्रतियोगिता फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से गणेश चौक, स्टेशन चौराहा, झंडा बाजार, आजाद चौक, मिशन चौक, कोतवाली तिराहा,स्टेट बैंक तिराहा से होते हुए वापस फॉरेस्टर ग्राउंड में समाप्त हुई। दौड़ प्रतियोगिता में कटनी, जबलपुर, सिहोरा, पाली, उत्तर प्रदेश के प्रतिभागियों ने भाग लिया। ड्रीम रन में प्रथम स्थान आदित्य राज, द्वितीय स्थान अभिषेक चक्रवर्ती, तृतीय स्थान गोपी प्रसाद रहे। इन्हें मेडल तथा नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं दौड़ पूरी करने पर सभी प्रतिभागियों को फिनिशर मेडल से सम्मानित किया गया। ड्रीम रन आयोजन में जितेश विश्वकर्मा, सलमान अहमद, रवि कुमार, सत्येंद्र सिंह, रानू खान, अक्षत नगवानी, के अशोक, आयुष राय, हर्ष रजक, हर्ष दुबे, कटनी जिला एथलेटिक्स संघ एवं कटनी कोतवाली पुलिस टीम ने दौड़ प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# कांग्रेस ने शुरू किया घर वापसी अभियान

**कटनी, यशभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने विभिन्न कारणों से पार्टी छोड़ गए पुराने कांग्रेस जनों से मेल मुलाकात करके उनकी समस्यायों का निराकरण करके उनकी घर वापसी का अभियान शुरू किया कर दिया है। उसी तारतम्य में नगर निगम चुनाव के समय पार्टी छोड़ने वाले माधवनगर क्षेत्र के पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता लक्ष्मण नंदवानी से मुलाकात कर तिरंगा गमछा पहनाकर घर वापसी कराई। इस अवसर पर माधवनगर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष ईश्वर बहरानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता झम्मटमल ठारवानी, पीसीसी सदस्य रौनक खंडेलवाल, देवीदास तुलस्यानी, श्याम पाहूजा, जयरामदास गुरनानी, खियल चावला, विजय चांदवानी, सुरेश लालवानी, सोनू मनवानी आदि कांग्रेस जन भी उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने पार्टी छोड़कर गए लेकिन अब भी कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित समस्त नेताओं एवं कार्यकर्ताओ से देश और प्रदेश की भलाई के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के हाथ मजबूत करने के लिए घर वापसी का आव्हान किया है।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज


रोजाना 3 शो ता. 21 से 12, 3 एवं सायं 6 बजे से
ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म
किसी का भाई किसी की जान
कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।
नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है
Rate card
Box....120/-
Balcony....100/-
Upper...80/-
Lower...80/-

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


21 अप्रेल से
रोजाना 6 शो
10.00 AM (AUDI-1)
12.00 PM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-2)
06.00 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)
Rate card
Diamond class...300/-
Platinum class...250/-
Gold class..........200/-
Silver class.........150/
किसी का भाई किसी की जान
वैसे आपका नाम क्या है.. मेरा कोई नाम नहीं है ,लेकिन मैं भाईजान नाम से जाना जाता हूं
Tickets Available on Book My Show
एडवांस बुकिंग चालू है, संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


21 अप्रेल से
रोजाना 4 शो
09.00 AM (AUDI-2)
01.00 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
09.00 PM (AUDI-1)
चेंगिज
कलाकार- जीत, सुस्मिता चेटर्जी, रोहित राय आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

mgm HOSPITAL
कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर,दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता
दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S
(GEN. & Laparoscopy Surgeon)
डॉ. पंकज गुप्ता
M.B.B.S., M.S. (ORTHO)
Bone & Fracture Specialist
फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलिटी सुविधायें
24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस
डॉ. रवि कुमार
M.B.B.S., M.D.
(MEDICINE)
कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ.मानसी गुप्ता
मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा
स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

## अब एक मई को अंतिम तर्क की तारीख तय

# भोपाल गैस कांड पीड़ितों को 39 वर्ष से न्याय का इंतजार

**भोपाल, यशभारत। भोपाल गैस कांड में 39 वर्षों से पीड़ति न्याय का इंतजार कर रहे हैं और बदले में मिल रही है तारीख पर तारीख...। जी हां, दो-तीन दिसंबर 1984 को हुए दुनिया के भीषणतम गैस कांड के 39 वर्ष बीतने को हैं, लेकिन अब तक गुनाहगारों को कोई सजा नहीं मिल पाई है। आज भी पीड़ितों को न्याय का इंतजार है। अब एक मई की तारीख नजदीक आ रही है। इस दिन भोपाल गैस कांड से जुड़े मामले में भोपाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव अंतिम तर्क सुनने वाले हैं।इस तारीख को नजदीक देख पीड़ितों में एक बार फिर न्याय की उम्मीद जाग गई है।**

गैस कांड भोपाल के जेपी नगर में यूनियन कार्बाइड कारखाना (अब डाउ कैमिकल्स) से रिसी मिथाइल आइसोसाइनेट (मिक) गैस के कारण हुआ था, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई थी और लाखों प्रभावित हुए थे।

### कुछ आरोपितों की मौत हो चुकी है

इस मामले में आरोपित बनाए गए सात आरोपितों में शामिल देश के जाने-माने उद्योगपति रहे महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के पूर्व चेयरमैन केशब महिंद्रा की 13 अप्रैल को मौत हो चुकी है। इसके पूर्व दो आरोपित विजय प्रभाकर और केवी शेट्टी की भी मृत्यु हो चुकी है। इस मामले की सुनवाई करने वाले सात न्यायाधीश बदल चुके हैं, इतना ही नहीं, मामले को न्यायालय में पेश करने वाले कई अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं या बदल चुके हैं लेकिन पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है।

केशब महिंद्रा यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष थे

दरअसल, केशब महिंद्रा यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष थे। भोपाल गैस कांड मामले में सीबीआइ ने अपनी चार्जशीट में कहा था कि यूनियन कार्बाइड के प्लांट की डिजाइन में गड़बड़ी थी और प्लांट के रखरखाव में लापरवाही बरती गई,



जिसके चलते गैस का रिसाव हुआ। इसके लिए केशब महिंद्रा भी जिम्मेदार हैं। इसी तरह किशोर कामदार, विजय प्रभाकर गोखले, जे. मुकुंद, एसपीएस चौधरी, केवी शेट्टी और एसआइ कुरैशी को आरोपित बनाने के पीछे अलग-अलग कारण दिए थे। इस मामले में तत्कालीन सीजेएम मोहन पी. तिवारी ने सात जून, 2010 को फैसला सुनाते हुए सातों आरोपितों को दो-दो साल की जेल और जुर्माने की सजा सुनाई थी। आरोपितों ने जुर्माना अदा किया और निचली अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया था।

### सत्र न्यायालय में अपील की थी आरोपितों ने

इसके बाद इस फैसले के विरुद्ध आरोपितों ने सत्र न्यायालय में अपील की थी। निर्णय के बाद एक तरफ सीबीआइ ने गुनहगारों की सजा बढ़ाए जाने की एक अपील सेशन कोर्ट में लगाई तो दूसरी तरफ अपील के दौरान 25 अप्रैल 2022 को एसपीएस चौधरी की तरफ से उनके वकील अजय गुप्ता ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 464 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया था।

सत्र न्यायालय में अपील पेश हुए 13 वर्ष बीतने को है लेकिन अपील पर सुनवाई पूरी नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि नौ फरवरी 1989 को सीजेएम कोर्ट ने यूनियन कार्बाइड कारखाने के मालिक वारेन एंडरसन के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। उसे एक फरवरी 1992 को भगोड़ा घोषित किया गया था। 29 सितंबर 2014 को फ्लोरिडा (अमेरिका) के एक नर्सिंग होम में एंडरसन की मौत हो चुकी है।

### आरोपित एसपीएस चौधरी की ओर से लगाई अर्जी खारिज

25 अप्रैल 2022 को एसपीएस चौधरी की तरफ से उनके वकील अजय गुप्ता ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 464 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया था। इसमें न्यायालय से अनुरोध किया गया था कि सजा का निर्णय और आरोपियों पर जो चार्ज लगे हैं वह गलत है। इसलिए अपील पर निर्णय न करते हुए केस को दोबारा निचली कोर्ट में भेजा जाए, ताकि कोर्ट नए चार्ज लगाकर उसका निराकरण कर सके। इसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था।



## शराब दुकानों से चाबी उठाकर गायब कर देता था बाइक

■ भोपाल, यशभारत।

क्राइम ब्रांच ने बाइक चोरी करने वाले एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है, जो शराब के अहातों से सुराप्रेमियों की बाइक की चाबी चुराकर उसे गायब कर देता था। वह काम तलाशने के बहाने सड़कों पर घूम-घूमकर ऐसे अहातों में लापरवाह लोगों की रेकी करता था, जो शराब पीने के दौरान वाहन की चाबी टेबल पर छोड़ देते थे। बाद में वह चोरी के वाहनों को सागर के खुरई में सस्ते दामों पर ठिकाने लगा देता था।क्राइम ब्रांच ने इस साल पहली बार वाहन चोरी के खरीदारों को भी आरोपित बनाकर गिरफ्तार किया है। आरोपितों से फिलहाल पूछताछ जारी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार शाम को मुखबिर ने बागसेवनिया निवासी 22 वर्षीय राहुल गौर के बारे में सूचना दी थी कि हबीबगंज नाके पर राहुल नाम का एक संदिग्ध बाइक चोर कम दामों में बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया और क्राइम ब्रांच लेकर आए, जहां पर उसकी पहचान की तस्दीक हुई। आरोपित से पूछताछ के बाद जब्त बाइक के कागजात मांगे, जो उसके पास नहीं थे। क्राइम ब्रांच को आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने पिछले कुछ माह में बाइक चोरी की है। उसके बाद खुरई सागर में दो लोगों को चोरी के वाहन सस्ते दामों पर बेचकर ठिकाने लगा दिए हैं।

**काम तलाशने के बहाने करता था रेकी**

इन स्थानों से चुराए वाहन

वाहन चोर ने बागसेवनिया से दो, मिसरोद, रातीबड़, शाहजहांनाबाद, हनुमानगंज और एमपीनगर से एक-एक वाहन चोरी करने की बात कबूली है। आरोपित ने पुलिस को बताया कि बाइक चोरी करके वह खुरई सागर के रहने वाले 27 वर्षीय जितेंद्र कुर्मी और जीवन कुर्मी को बेच दिया करता था। जीवन 12वीं पास है और मनी आनलाइन की दुकान चलाता है। आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस बाइक खरीदने वाले दोनों लोगों को खुरई से गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है।

## शिवराज ने तीन बार जिला बनाने की सिर्फ घोषणा की

# जनता चाहेगी तो बीना जिला बनेगा - कमल नाथ

■ भोपाल, यशभारत।

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ गुरुवार की सुबह बीना पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मीडिया से रूबरू हुए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बहुत दिनों बाद बीना आया हूं। 18 साल में प्रदेश की तस्वीर आप सबके सामने है। भाजपा ने मप्र को खोखला बना दिया है। अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, औद्योगिक, सुरक्षा व्यवस्था सब बिग? चुकी हैं। आज हर वर्ग परेशान है। कमल नाथ ने बीना को जिला बनाने के मुद्दे पर कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने तीन बार यहां आकर सिर्फ घोषणा की। लेकिन जिला



नहीं बनाया। यहां की जनता चाहेगी तो कांग्रेस बीना को जिला बनाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में पांच महीने बचे हैं। सागर के मतदाताओं पर हमारा विशेष विश्वास है। सागर जिले की राजनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पांच महीने और बचे हैं। कर लें, जितना करना है। फिर हम इनका हिसाब लेंगे। किसानों के कर्ज माफ वाले सवार पर कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश में 27 लाख किसानों का कर्जा माफ हुआ। सागर जिले में 88 हजार का कर्जा माफ हमने किया। सरकार गलत आंकड़े प्रस्तुत करती है।

दिग्विजय सिंह द्वारा संगठन को कमजोर बताने के सवाल पर कमल नाथ ने कहा कि संगठन कमजोर नहीं है, हमारा बूथ मैनेजमेंट कमजोर है। भाजपा से नहीं, उनके संगठन से हमारा मुकाबला है। संगठन मजबूती की ओर जा रहा है। सबसे भारी बूथ प्रभारी का नारा भी उन्होंने दिया। सरकार बनने के बाद फिर सरकार नहीं गिरेगी, इसकी क्या गारंटी है, इस सवाल पर कमल नाथ ने कहा कि मुझे मेरे विधायकों पर विश्वास है। उनसे शपथ पत्र लेने की कोई जरूरत नहीं है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के दो पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों को केंद्रीय गृह मंत्रालय करेगा पुरस्कृत

### सीएम शिवराज ने दी बधाई

■ भोपाल, यशभारत।

पुलिस के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों को प्रतिवर्ष दी जाने वाली यूनियन होम मिनिस्टर ट्राफी के वर्ष 2021-22 के विजेता मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी और पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। यूनियन होम मिनिस्टर ट्राफी से सम्मानित किए जाने वाले प्रशिक्षण संस्थानों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र के साथ 2 लाख रूपये की नकद राशि भी प्रदान की जायेगी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में अलंकरण समारोह किया जाएगा। इसमें पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी की ओर से निमिषा पांडेय एवं मप्र पुलिस अकादमी भौंरी भोपाल की ओर से मलय जैन यह सम्मान प्राप्त करेंगे।



गौरतलब है कि पश्चिम जोन के लिए आरक्षकों का सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण केंद्र पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी एवं उप पुलिस अधीक्षकों की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण अकादमी, मप्र पुलिस अकादमी भौरी को चुना गया है। प्रशिक्षण में नव प्रयोग तथा आधुनिक तकनीक का समावेश कर देश के पुलिस प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ देने में मप्र पुलिस अग्रणी रही है। प्रशिक्षण विशेषज्ञों को जोड़ने के लिये देश-विदेश के विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान से उत्तम कोटि के परिणाम सामने आए।

देश के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण का आकलन ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एवं डेवलपमेंट द्वारा निर्धारित मानकों पर किया जाता है। इसमें आरक्षकों के प्रशिक्षण संस्थान एक कैटेगरी में तथा उप निरीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षकों के प्रशिक्षण संस्थान अलग-अलग कैटेगरी में रख कर निर्धारित मापदण्ड पर बेहतर प्रशिक्षण पद्धति, संसाधनों का समुचित रख-रखाव एवं वर्ष भर में उत्कृष्ट प्रशिक्षण क्षमता प्रदर्शित करने वाले प्रशिक्षण संस्थान का चयन राष्ट्रीय स्तर पर गठित कमेटी द्वारा किया जाता है।



## दस दिन तक भोपाल नहीं आएंगी इंटरसिटी समेत अन्य ट्रेनें

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल से ग्वालियर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 22 अप्रैल से दो मई तक भोपाल नहीं आएगी। यह बीना स्टेशन पर ही समाप्त कर दी जाएगी। इसी तरह 21 अप्रैल से बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस को दो मई तक व 22 अप्रैल से बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस तीन मई तक बीना पर ही रोकी जाएगी। भोपाल से जोधपुर के बीच चलने वाली जोधपुर एक्सप्रेस 21 अप्रैल से दो मई तक भोपाल नहीं आएगी, यह ट्रेन जोधपुर से कोटा के बीच चलेगी। भोपाल से बीना के बीच चलने वाली दोनों दिशा की मेमू ट्रेन को 22 अप्रैल से तीन मई तक निरस्त कर दिया है।

**तीन मई तक मेमू निरस्त**

इसके अलावा एक मई को शुरुआती स्टेशन से चलने वाली 11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस और 29 अप्रैल व एक मई को रवाना होने वाली 11465 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस जबलपुर-इटारसी-भोपाल होकर चलाई जाएगी। इसके अलावा डा. आंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस, इंदौर-पटना एक्सप्रेस, कामाख्या-डा. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस आदि भी बदले रूट से चलेंगी। यह बदलाव निशातपुरा रेलवे स्टेशन को चालू करने की कवायद के चलते किया जा रहा है। इस अवधि में पुरानी व नई पटरियों को आपस में जोड़ा जाएगा।

29 अप्रैल और दो मई को चलने वाली 22911 इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस और 29 अप्रैल व एक मई को रवाना होने वाली 22912 हावड़ा-इंदौर एक्सप्रेस बदले हुए रूट से चलेगी। इसके अलावा 30 अप्रैल को चलने वाली 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस और एक मई को रवाना होने वाली 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 29 अप्रैल को चलाई जाने वाली 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस भी बदले रूट से चलाई जाएगी। रेलवे ने एक मई को चलने वाली 22829 शालीमार-भुज एक्सप्रेस और 29 अप्रैल को रवाना होने वाली 22830 भुज-शालीमार एक्सप्रेस, एक मई को चलने वाली 19091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस और दो मई को चलने वाली 19092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस को मक्सी-रुठियाई-गुना-महादेवखेड़ी-मालखड़ी (बीना छोड़कर) होकर चलाने का निर्णय लिया है। इस अवधि में इन गाड़ियों को बीना के पास मालखेड़ी स्टेशन पर दो मिनट के लिए रोका जाएगा।



## बैरागढ़ का युवक सूडान में फंसा, स्वजनों ने प्रधानमंत्री मोदी से लगाई मदद की गुहार

■ भोपाल, यशभारत।

सूडान में हिंसा के बीच बैरागढ़ निवासी एक युवक भारत वापस नहीं आ पा रहा है। चिंतित युवक के स्वजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। युवक ने स्वजनों को फोन पर बताया कि उसके फ्लैट के सामने ही सेना का मुख्यालय है, यहां पर गोलीबारी हो रही है। कई कारतूस फ्लैट परिसर में आकर गिरे हैं। बैरागढ़ निवासी नरेंद्र केवलानी के अनुसार उनका पुत्र जयंत केवलानी कारोबार के सिलसिले में सूडान गया था। वैसे वह दुबई में कारोबार करता है। कुछ दिन के लिए सूडान गया था। 20 अप्रैल को उसे वापस भारत आना था। वापसी के दो दिन पहले ही वहां गृह युद्ध के हालात निर्मित हो गए। वहां की सेना और पैरामिलिट्री रेपिड सपोर्ट फोर्स के बीच वर्चस्व का संघर्ष हो रहा है। सेना मुख्यालय पर हमले के बाद वहां कोई नागरिक घर से बाहर निकलने की स्थिति में नहीं है। जयंत की बहन वंशिका केवलानी ने ट्विटर हैंडल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद शंकर लालवानी आदि से मदद की गुहार लगाई है। वंशिका ने पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, दिग्विजय सिंह एवं वरिष्ठ नेता नरेश ज्ञानचंदानी को अपनी आपबीती बताई है। अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार चिंतित है। पिता नरेंद्र केवलानी के अनुसार सुरक्षा की चिंता के साथ खाद्य सामग्री की कमी भी बड़ी चिंता है, क्योंकि जयंत एवं उसके साथ रह रहे तीन युवकों के पास दो-तीन दिन की खाद्य सामग्री ही बची है। यदि जल्द कुछ हल नहीं निकला तो हालात बिगड़ जाएंगे। जयंत सूडान की राजधानी खार्तूम में सेना मुख्यालय के पास ही फ्लैट में फंसा है।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने कलेक्टर के निर्देश पर टीम का गठन




■ भोपाल, यशभारत।

जिले में अक्षय तृतीय पर बाल विवाह रोकने कलेक्टर ने टीम का गठन किया है। उनके निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है जो कि विभिन्न परियोजनाओं में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम पर नजर रखेंगे। बाल विवाह होता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं ज्योतिषाचार्य का कहना है इस बार अक्षय तृतीया पर गुरु अस्त होने से विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। ऐसे में व्यापक वैवाहिक कार्यक्रम भी नहीं होंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर अन्य वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। किसी भी स्थिति में बाल विवाह न हो, इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं। भोपाल जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत बाल विवाह रोकथाम के लिए लाडो अभियान नाम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान यदि कोई बाल विवाह कराते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006, की धारा 9, 10, 11 एवं 13 के तहत कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, संस्था, संगठन के खिलाफ दो साल का कारावास और एक लाख तक के जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, ज्योतिषाचार्य पंडित विष्णु राजौरिया ने बताया कि हम पूरी तरह से बाल विवाह का विरोध करते हैं। कभी ऐसी स्थिति या परिस्थिति आती है तो उसको रोक देते हैं। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर व्यापक विवाह समारोह नहीं होंगे। क्योंकि गुरु का अस्त हो चुका है।

## 4 लाख 11 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराएंगे प्रधानमंत्री, रीवा में 24 अप्रैल को होगा कार्यक्रम

■ भोपाल, यशभारत।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रीवा आ रहे हैं। मोदी यहां प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के चार लाख 11 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराएंगे और जल जीवन मिशन के 7573.64 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम रीवा के एसएएफ ग्राउंड पर आयोजित होगा। इसकी तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह पंचायत राज संस्थाओं और ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। समीक्षा मुख्यमंत्री आवास पर की गई। कार्यक्रम में प्रदेशभर के पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### तीन नई ट्रेन को दिखाएंगे हरीझंडी

कार्यक्रम में रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इसमें मध्य प्रदेश के रेल नेटवर्क के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के साथ ही बीना-कोटा रेल खंड का दोहरीकरण, छिंदवाड़ा-नैनपुर-मंडला फोर्ट रेल खंड का गेज परिवर्तन और विद्युतीकरण, बिरला नगर-उदी मोड फोर्ट रेलखंड, महोबा-खजुराहो-उदयपुरा रेल खंड का विद्युतीकरण शामिल है। प्रधानमंत्री इंदौर व ग्वालियर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे और तीन नई यात्री रेल क्रमशः रीवा-इतवारी वाया छिंदवाड़ा यात्री ट्रेन, छिंदवाड़ा-नैनपुर यात्री ट्रेन एवं नैनपुर-छिंदवाड़ा ट्रेन को झंडी दिखाएंगे।

### वेबसाइट और मोबाइल एप का करेंगे शुभारंभ

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एकम समावेशी विकास वेबसाइट और मोबाइल एप, पंचायत राज संस्थाओं में ई-गवर्नेंस को सशक्त करने के लिए ई ग्राम स्वराज पोर्टल और पंचायत स्तर पर सामग्री क्रय के लिए जैम पोर्टल का भी राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन, अमृत सरोवर, ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत विकसित होम स्टे, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, रीवा अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना, बाणसागर परियोजना, ह्वाइट टाइगर (सफेद शेर) और कृषि संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# जिला चिकित्सालय में मीडिया सेल गठित

## सिविल सर्जन सहित 4 वरिष्ठ चिकित्सक शामिल

**कटनी,यशभारत। जिला चिकित्सालय से संबंधित मामलों में पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समाचारों के कव्हरेज और चिकित्सालय प्रबंधन एवं मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन और जिला जनसम्पर्क अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। समन्वय बैठक मे पत्रकार और मीडिया प्रतिनिधियों सहित चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफद्वारा व्यवस्था को बेहतर बनाने कई सार्थक सुझाव दिए गए। प्राप्त सुझावों पर सर्वानुमति से कई अहम व्यवस्थाओं के संबंध मे व्यावहारिक निर्णय लिये गये।**



समन्वय बैठक में हुई चर्चा और प्राप्त सुझावों के आधार पर जिला चिकित्सालय कटनी में मीडिया सेल के गठन पर सहमति बनी । इस समिति में सिविल सर्जन, आर एम.ओ, मेडिकल व टी.बी विशेषज्ञ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सदस्य रहेंगे। सभी सदस्य अपने स्तर से परिस्थितियों के अनुरूप मीडिया संस्थानों को जानकारियां देंगें। मीडिया सेल हेतु वर्तमान में डॉ यशवंत वर्मा, डॉ एस.पी.सोनी, डॉ सुनीता वर्मा व डॉ मनीष मिश्रा को नामांकित किया गया है। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सी.एम.एच.ओ श्री प्रदीप मुडिया को भी जल्दी ही जिला मुख्यालय के बाहर के अस्पतालों से संबंधित जानकारियां बताने मीडिया सेल गठित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान किसी भी महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रचार-प्रसार, जनकलयाणकारी गतिविधियों के प्रचार -प्रसार के संबंध में मीडिया रिलीज जारी करने पर सहमति बनी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन नें हास्पिटल चौकी में अस्पताल प्रबंधन द्वारा की जाने वाली शिकायतों को प्राप्त कर शिकायतों को थाना कोतवाली भिजवानें व चौकी में कैमरे आदि की व्यवस्था करानें की बात कही। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने जल्द ही सी.सी.टी.व्ही लगानें आश्वस्त किया। किसी कानून व्यवस्था की दशा में अस्पताल चौकी कटनी को लिखित रूप में सूचित करने, सिविल सर्जन व आर.एम.ओ.को दूरभाष पर सूचित करने तथा व्हाट्सएप ग्रुप में यथासंभव शीध्र जानकारी डालने पर सहमति प्रदान की गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय हेतु एक व्हाट्स एप्प ग्रुप बनाया जायेगा। जिसमे सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त विषय विशेषज्ञ व चिकित्सक, समस्त वार्ड व ईकाई प्रभारी तथा शिकायत सेल प्रभारी शामिल होगे। जिला एवं पुलिस प्रशासन के चिन्हित अधिकारी भी इसमें शामिल किये जायेंगे। ग्रुप मे समस्त महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी डाली जायेगी ताकि मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा चाहे जाने पर बेहतर वस्तुस्थिति की जानकारी दी जा सके। सुझाव बैठक के दौरान निजता हनन पर विशेष ध्यान देने और करने का सुझाव दिया। आक्षेप की दशा तथ्यों की पुष्टि उपरांत ही समाचार प्रकाशित करने पर सुझाव मिला। समाचार प्रकाशन व प्रसारण के समय अस्पताल प्रबंधन का भी पक्ष समावेशित करने की सहमति बनी ।



# 360 किलो महुआ लाहन एवं 15 लीटर अबैध मदिरा जप्त

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में कटनी जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी आर.के.बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद के ग्राम छपरा, सुंहुडी, डुगरिया में परमानन्द कोरचे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। आबकारी की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 360 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 15 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट करनें की कार्यवाही की गई। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 20500 रूपये है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक के के पटेल, एस डी सिंह, महेन्द्र कुमार शुक्ला, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, कैलाशनाथ नामदेव, राम सिंह, धरमू काछी सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# कलेक्ट्रेट में स्टार्टअप हेल्प डेस्क की सुविधा प्रारंभ

### बेरोजगारों एवं उद्यमियों को मिलेगी स्टार्टअप से संबंधित जानकारियां

**कटनी,यशभारत।** शासन की नवीन स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप की स्थापना के लिए जिले के उद्योगपतियों नवयुवको एवं निवासियों को जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा नंबर 66 में स्टार्टअप हेल्प डेस्क या स्टार्टअप सेल का निर्माण किया गया है। इस सेल पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के पांच अधिकारियों की प्रतिदिन ड्यूटी लगाई गई है। इन अधिकारियों का कार्य वहां पर उपस्थित रहकर आने वाले शिक्षित बेरोजगारों उद्यमियों को स्टार्टअप के बारे में जानकारी देना है, जिस में सम्मिलित रहेगा स्टार्टअप कैसे लगाएं, स्टार्टअप क्या है, स्टार्टअप की ट्रेनिंग कैसे होती है, स्टार्टअप में शासन की योजना के अंतर्गत क्या लाभ प्राप्त होता है, सभी चीजों के बारे में लोगों की सहायता के लिए यह हेल्पडेस्क कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है। जिस पर विभिन्न दिवसों में अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिन से मिलकर स्टार्टअप के बारे में जानकारियां प्राप्त कर लोग रोजगार के दिशा में अपने कदम बढ़ा सकते हैं।

### बरही एवं विजयराघवगढ़ में 6 उपार्जन केन्द्र स्थापित

**कटनी,यशभारत।** रबि विपणन वर्ष 2023 -24 हेतु समर्थन मूल्य पर गेहूॅ उपार्जन नीति जारी की गई है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल से प्राप्त अनुमति उपरांत कलेक्टर ने आदेश जारी कर तहसील बरही एवं विगढ़ हेतु 6 उपार्जन केन्द्रों की स्थापना की है। कलेक्टर द्वारा तहसील बरही के पांच रामजानकी स्वसहायता समूह हेतु उपार्जन केन्द्र बगैहा में गोदाम स्तर पर, राधा स्वसहायता समूह हेतु उपार्जन केन्द्र हदरहटा-1 में समिति स्तर, पार्वती स्वसहायता समूह हेतु उपार्जन केन्द्र करेला में समिति स्तर पर, शारदा स्व सहायता समूह बागदरा में उपार्जन केन्द्र हदरहटा -2 में समिति स्तरीय, जय मॉ अंजनी स्व सहायता समूह लुरमी हेतु उपार्जन केन्द्र पिपरिया कलॉ-2 मे गोदाम स्तर तथा विगढ़ की संस्था पूनम स्वसहायता समूह हेतु उपार्जन केन्द्र धवैया में समिति स्तर पर उपार्जन केन्द्र स्थापित किये।

# दिव्यांग लाडली बहना के घर पहुंचकर भरा योजना का फार्म



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत ई-के.वाय.सी एवं आवेदनों की ऑनलाईन प्रविष्टि का कार्य अनवरत जारी है। इसी क्रम में बुधवार को निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं नगर निगम उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार की उपस्थिति में नगर निगम की बाबू जगजीवन राम वार्ड निवासी 49 वर्षीय दिव्यांग महिला हितग्राही श्रीमती मंजू बिरहा पति श्री चंद्रस्वरूप बिरहा के घर पहुंचकर ई-के.वाय.सी. की सुविधा प्रदान की जाकर लाड़ली बहना योजना के आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्टि कराई गई। जिसका पंजीयन क्रमांक 20717902 है। श्रीमती मंजू बिरहा ने बताया कि वे शारीरिक दिव्यांगता के चलते मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत ई-के.वाय.सी. करानें एवं फार्म भरनें मे अस्मर्थ थी। जिसकी जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम द्वारा उनके घर पहुंचकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से लाभान्वित किये जानें हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराते हुए उनके आवेदन की सफलतापूर्वक पंजीयन की कार्यवाही की गई। श्रीमती मंजू बिरहा ने शासन की इस योजना से लाभान्वित किये जाने हेतु घर पहुंचकर ही समस्त सुविधाएं मुहैया कराने हेतु जिला प्रशासन सहित नगर निगम प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया है।

# कलेक्टर ने स्टेशनों में पानी की सुनिश्चितता बनाए रखने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में परिचालित वाटर कूलर के बंद पड़े होने से यात्रियों को हो रही परेशानी की जानकारी सामने आते ही कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा रेलवे स्टेशन में वाटर कूलर के संचालन को सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक नई कटनी जंक्शन पश्चिम मध्य रेलवे को निर्देशित किया था। कलेक्टर से मिले निर्देश के परिपालन में क्षेत्रीय प्रबंधक रेलवे द्वारा कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में परिचालित वाटर कूलर्स की जांच की गई। जांच में सभी वाटर कूलर चालू स्थिति में पाए गए जिनका उपयोग यात्रियों द्वारा शीतल पेयजल के लिए किया जा रहा है। जिसका जांच प्रतिवेदन कलेक्टर श्री प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक नई कटनी जंक्शन पश्चिम मध्य रेलवे को आगे भी रेलवे स्टेशनों में परिचालित वाटर कलर्स का संचालन सुनिश्चित बनाए रखने निर्देशित किया गया है।



# सराहनीय कार्य करने पर मिला प्रशस्ति पत्र





**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा उनके आर्थिक स्वावलम्बन के उदेश्य से महत्वाकांछी योजना लाडली बहना योजना लागू की गई हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशन में उक्त योजना से प्रत्येक पात्र महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किये जानें हेतु जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों मे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविरो में गठित टीम द्वारा 18 अप्रेल को योजनाओ की जानकारी से जिले के ग्रामवासियो को अवगत कराने व ''लाडली बहना'' योजना पोर्टल में ऑनलाईन प्रविष्टि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो एवं कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सरायनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया उनमें नगर निगम कटनी के वार्ड क्रमांक-03 से दीपक मलिक, क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी, सचिन मिश्रा, वसूलीकर्ता, दीपक पटेल, सहायक ग्रेड-3, नीलेश परौहा, आउटसोर्स श्रीमती चेतना सेन, श्रीमती बिमला कुशवाहा, श्रीमती राजश्री सेन, श्रीमती सुनीता अहिरवार, ऑगनवाडी कार्यकर्ता जनपद पंचायत विजयराधवगढ-के ग्राम पंचायत इटौरा से राजेश त्रिपाठी,सचिव, ज्ञानेंद्र शर्मा ग्राम रोजगार सहायक, श्रीमती मिथलेश मिश्रा, आंगनबाडी कार्यकर्ता - उक्त सभी को कलेक्टर कटनी द्वारा 03 का नाम शामिल है।

## शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत बेरोजगारों से मांगे आवेदन

# स्वरोजगार अपनाकर बनें आत्मनिर्भर

*कटनी,यशभारत। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कटनी के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्यावासी सहकारी विकास समिति मर्यादित कटनी के माध्यम से संचालित निम्न आय सृजन स्वरोजगार योजनाओं संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्री बाई फूले स्व सहायता समूह योजना से आवेदको तथा आवेदिकाओं को लाभान्वित किया जाना है।*

### संतरविदास स्वरोजगार योजना

इस योजना के तहत सेवा क्षेत्र खुदरा व्यवसाय इकाई हेतु 1 लाख से 25 लाख तक उद्योग एवं विनिमार्ण इकाई हेतु 1 लाख से 50 लाख तक तथा की योजनाएं संचालित है, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वी पास तथा परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो। आवेदक के पास अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, 8 वी की मार्कशीट, संबंधित उद्योग एवं खुदरा व्यापार का कोटेशन सहित आधार से मोबाईल नम्बर केवायसी होना अनिवार्य है।

### डॉ अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना


इस योजना के तहत सभी प्रकार के रोजगार हेतु 10 हजार से 1 लाख तक की परियोजनाएं संचालित है आयु सीमा 18 से 55 वर्ष है। आवेदक के पास अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, संबंधित उद्योग एवं खुदरा व्यापार का कोटेशन, मोबाईल नम्बर केवायसी, एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है। दोनों योजनाओंके आवेदन ऑनलाईन भरने हेतु बेबसाइट आवेदन किया जा सकता है।

### सावित्री बाई फूले स्व सहायता समूह योजना

इस योजना के तहत आवेदक तथा आवेदिका अनुसूचित जाति वर्ग महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 05 या 10 महिलाओं का समूह बनाया जाकर उन्हें स्वरोजगार संबंधी योजनाओं में स्थापित किया जाना है। इस योजना में 10 हजार से 02 लाख तक ऋण जिसमें 10 हजार रूपये प्रतिसदस्य अनुदान देय होगा। आवेदक के पास अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार में मोबाईल नम्बर केवायसी अनिवार्य है।

# केपिटल सिक्योरिटी गार्ड्स और सुपरवाइजर हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** मैनेजर, केपिटल ट्रेनिंग एकेदमी हैदराबाद द्वारा पत्र के माध्यम से जिले के समस्त विकासखण्डों में एक दिवसीय पंजीयन शिविर का आयोजन केपिटल ट्रेनिंग एकेदमी हैदराबाद द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजित शिविर में जिले के सुरक्षाकर्मी, सुरक्षा सुपरवाईजर हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों का पंजीयन किया जाकर पंजीकृत युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोडा जावेगा। भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु न्यूनतम योग्यता 8वी से 10वी पास अथवा फेल,उंचाई 165.5 सेंटीमीटर, आयु 20 से 35 वर्ष निर्धारित है जबकि सिक्योरिटी सुपरवाईजर हेतु न्यूनतम योग्यता ग्रेजुएट एवं एन.सी.सी सी सर्टीफिकेट, उंचांई 172 सेंटीमीटर के साथ आयु 30 से 40 वर्ष निर्धारित है। भर्ती के दौरान शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र, अंक सूची, आधार कार्ड, वोटर आई.डी कार्ड, बैंक खाता नंबर, पुलिस सत्यापन रिपोर्ट, एम.बी.बी.एस डाक्टर का मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ ही दो पासपोर्ट साईज फोटो अनिवार्य है।





### कब, कहां आयोजित होंगे शिविर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिविर गेमावत ने आदेश जारी कर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्धारित तिथियों में शिविर का आयोजन करनें के निर्देश दिए गए है। निर्धारित तिथियों अनुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 25 अप्रैल, जनपद पंचायत बड़वारा में 26 अप्रैल, जनपद पंचायत कटनी में 29 अप्रैल, जनपद पंचायत रीठी में 2 मई, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 3 मई, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 4 मई को शिविर का आयोजन किया जयेगा। अधिक जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी 7509781949 एवं 8707815095 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गेमावत ने मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पंचायत अंतर्गत इच्छुक योग्याधारी युवकों को सूचित करते हुए सुरक्षा गार्ड एवं पर्यवेक्षक के लिए पंजीयन हेतु सम्मिलित करानें के साथ ही संस्था को उक्त पंजीयन कार्य हेतु निर्धारित तिथि में कक्ष उपलब्ध कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी म.प्र.**

**क्रमांक /45/प्रवा.वि.अधि. /2023** **कटनी, दिनांक - 17/04/2023**

**द्वितीय अनुसूची ( धारा 5 देखिये )**

***विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना***

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमृत लाल चौधरी पिता श्री चुन्नू लाल चौधरी ( अविवाहित ) निवासी ग्राम करहिया पोस्ट जोबीकलां तहसील व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड- 483501 एवं आवेदिका प्रतिभा चौधरी पिता श्री दसईया प्रसाद चौधरी वर्तमान पता देवरी मझगवां तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी ( म.प्र. ) पिनकोड 483775 स्थाई पता बी-465 एन.एच-2 एनटीपीसी कॉलोनी, विंध्यन नगर जिला सिंगरौली ( म.प्र. ) पिन कोड 486885 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपए चालान क्रमांक 051/9999999/0070/02/23 / 025699 दिनांक 24/02/2023 को ऑनलाईन में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन पर आवेदक / आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा - 4 के तहत विवाह अनुष्ठापन होना आशियत है, यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति /एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक **17/05/2023** को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/04/2023 को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**आगामी तिथि - 17/05/2023**

***अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-कटनी (म.प्र.)***

# अनाथ सोनम को प्रशासन से मिला सहारा

### पालन-पोषण के लिए हर माह मिलेंगे दो हजार संरक्षिका एवं नानी तुलसाबाई को प्रदान की जिम्मेदारी

**कटनी,यशभारत।** मॉ की असमय मृत्यु और पिता द्वारा त्याग देने के बाद नौ वर्षीय सोनम बर्मन और उसकी नानी तुलसा बाई की ऑखों मे कल तक जहां दुःख के आंसू थे, वहीं कलेक्टर अवि प्रसाद की संवेदनशील पहल की वजह से आज उन्ही आंखों में खुशी के आंसू और बेटी सोनम के भविष्य संवरने का भरोसा था। वृत्तांत बहुत ही भावुक करने वाला है, जहां बहोरीबंद तहसील के शासकीय प्राथमिक शाला पहरूआ की कक्षा 4 की छात्रा सोनम से काल के क्रूर हांथों ने उससे कम उम्र मे ही मॉ का साया छीन लिया और जिम्मेदारी से भागे पिता ने नन्ही बेटी सोनम का परित्याग कर दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बेटियों को सशक्त और समृद्ध बनाने की मंशा के अनुरूप कलेक्टर ने बेटी सोनम के मामले की जानकारी मिलते ही त्वरित पहल की। बुधवार को कलेक्टर ने सोनम और उसकी नानी तुलसा बाई को कलेक्ट्रेट में बुलाकर महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पांसरशिप योजना से प्रतिमाह दो हजार रूपये की स्वीकृति का जब पत्र दिया तो नानी ..... बेहद भावुक हो उठी.... वह निःशब्द थीं,..... आंखों मे कृतज्ञता के आंसू थे .... ये खुशी के क्षण थे। श्री प्रसाद ने नानी की डबडबाई आंखों के आंसू पोंछे और कहा चिंता न करें- मैं .. हूँ ना..। यह दृश्य तो और भी भावुक करने वाला था जब कलेक्टर ने बेटी सोनम कोदुलारा... लाड़-प्यार किया...और कहा- बिटिया खूब पढ़ो... सोनम ने भी स्वीकार में सिर हिलाया। श्री प्रसाद ने सोनम को चाकलेट, पेन और शिक्षाप्रद एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपहार में दिया। कलेक्टर ने सोनम बर्मन की स्थिति की जानकारी देने वाले मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र नीलेश तिवारी की सराहना की है। सोनम की नानी और संरक्षिका तुलसाबाई को इस माह का दो हजार रूपये की राशि का चेक और स्वीकृति आदेश प्रदान किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सी.एम.रिसर्च एसोसियेट सुदीप सहाने मौजूद रहे। कलेक्टर के निर्देश पर सोनम और उसकी नानी को पहरूआ ग्राम स्थित उनके घर विशेष वाहन से भेजा गया।




**Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners**

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

**From 21st April 2023**

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 21 to 27 April, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 10.00.00 AM | 99-99-99-300 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 4.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 7.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 10.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 12.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 3.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 6.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 9.00.00 PM | 150-190-240-350 |
| Audi-03 | Show | |
| Chengiz | 11.00.00 AM | 99-99-99 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 2.00.00 PM | 140-180-180 |
| Chengiz | 5.00.00 PM | 120-160-160 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 7.00.00 PM | 140-180-180 |
| Chengiz | 10.45.00 PM | 120-160-160 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# इम्पैक्ट प्लेयर्स की वजह से कम हो रही है ऑलराउंडर्स की अहमियत? वेंकटेश अय्यर ने दिया ये जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण ऑलराउंडर को गेंदबाजी करने के कम मौके मिल रहे हैं. टखने की सर्जरी के बाद वापसी करने वाले वेंकटेश ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 83 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 104 रन की पारियां खेली थी. वो सभी मैचों में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरे. वेंकटेश ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण किसी ऑलराउंडर के ओवरों की संख्या में भारी गिरावट आई है.'' वेंकटेश ऑलराउंडर हैं लेकिन उन्होंने अभी तक एक भी मैच में गेंदबाजी नहीं की है. उन्होंने कहा, ''निश्चित तौर पर अगर टीम के पास छठे गेंदबाज के रूप में विशेषज्ञ गेंदबाज है तो वो अपने ऑलराउंडर को नहीं आजमाना चाहते हैं. ये इंपैक्ट प्लेयर का प्रभाव है. इसने ऑलराउंडर की उपयोगिता कम कर दी है.'' वेंकटेश हालांकि समझते हैं कि नियम अपनी जगह पर रहेगा और टीम मैनेजमेंट इंपैक्ट प्लेयर को ध्यान में रखकर अपनी रणनीति बनाते रहेंगे. उन्होंने कहा, ये एक बहुत ही दिलचस्प नियम है जो आया है. अगर आप आईपीएल में खेल रहे हैं, तो ये एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट है, थिंक टैंक हर टीम में इतना बड़ा है कि मुझे लगता है कि उन्होंने पहले ही मैच में इसका पता लगा लिया होगा. अय्यर ने कहा, अब तक हर कोई जानता है कि इम्पैक्ट प्लेयर का उपयोग कैसे करना है. अगर आप परिणाम देखते हैं तो इम्पैक्ट प्लेयर एक एक्स फैक्टर बन रहे हैं.हालांकि उन्होंने गेंदबाजी नहीं की हैं, लेकिन उन्हें एनसीए से गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से मंजूरी मिल गई है. उन्होंने कहा, मैं गेंदबाजी करने के लिए 100 प्रतिशत तैयार हूं. मुझे एनसीए द्वारा मंजूरी दी गई थी. सबसे अच्छी बात ये नहीं है कि मैं रन बना रहा हूं, ये बात है कि मैं मैदान पर वापस आ गया हूं और इतने बड़े टूर्नामेंट में खेल रहा हूं. टखने की चोट के बाद वो सतर्क थे लेकिन अब अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ गए हैं. हाल ही में वो ब्रेंडन मैक्कुलम के बाद केकेआर के लिए दूसरे आईपीएल शतकवीर बन गए हैं।

# दूसरी बार पिता बने जेक कालिस, पत्नी ने बेटी को दिया जन्म, इंटरनेट पर बताया- क्या रखा नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के महानतम ऑलराउंडर्स में शुमार जैक कालिस दूसरी बार पिता बने हैं. उनकी पत्नी चार्लीन एंजेल्स ने बुधवार सुबह केप टाउन में बेटी को जन्म दिया. मां और बेटी पूरी तरह स्वस्थ हैं. इससे पहले कालिस का एक बेटा है, जो करीब 3 साल का हो चुका है. इस ऑलराउंडर ने बेटी की जन्म की जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर अपने फैन्स के साथ साझा की है. कालिस परिवार ने बेटी के जन्म के साथ उसके नाम की भी घोषणा कर दी है. उन्होंने लिखा, (बुधवार) सुबह 8.37 बजे हमारी खूबसूरत बेटी क्लो ग्रेस कैलिस पैदा हुई. 2.88 किग्रा वजन की हमारी छोटी राजकुमारी ने पहले ही डैडी को अपनी छोटी उंगली में लपेट लिया है. मां और बेटी दोनों स्वस्थ हैं. जोशी भी अपनी नन्ही छोटी बहन से प्यार कर रहा है. हमारा दिल खुशी से धड़क रहा हैं.' भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी कालिस को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है. बता दें कालिस ने अपनी गर्ल फ्रेंड चार्ली एंजेल्स साल 2019 में शादी की थी. 11 मार्च 2020 को उनकी पत्नी ने पहली बार मां बनी थीं, जब उन्होंने बेटे को जन्म दिया था. 47 वर्षीय कालिस साउथ अफ्रीका के लिए 19 सालों तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेले. वह दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार थे, जो बेहतरीन फास्ट बॉलिंग के साथ-साथ टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने में माहिर थे. साल 1995 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से उन्होंने अपने इंटरनेशल करियर की शुरुआत की थी. इस ऑलराउंडर ने अपने करियर में 166 टेस्ट, 328 वनडे और 25 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले. टेस्ट में उनके नाम 13289 रन हैं, जिसमें 45 शतक और 58 हाफ सेंचुरी शुमार हैं. वनडे में उन्होंने 11579 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 86 हाफ सेंचुरी शामिल हैं. इसके अलावा इन दोनों फॉर्मेट में उन्होंने क्रमश÷टेस्ट में 292 और वनडे में 273 विकेट अपने नाम किए. टी20 में भी उन्होंने बल्ले से 666 रन कूटे हैं, जबकि इस फॉर्मेट में भी 12 विकेट अपने नाम किए हैं।

# मजदूर पिता की बेटी ने उत्तर प्रदेश एथलेटिक प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल, नेशनल का टिकट किया पक्का

**मुरादाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद जनपद वैसे तो पूरी दुनिया में पीतल नगरी के नाम से मशहूर है, लेकिन बात खेलकूद की करें, तो यहां के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के कारण दूर-दूर तक मशहूर होने लगे हैं. मुरादाबाद की सोनिया ने अपने टैलेंट के बदौलत लॉन्ग जंप में लगभग 70 मेडल जीते हैं. साथ ही, दर्जनों ट्रॉफी भी हासिल की है. सोनिया ने हाल ही में यूपी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर नेशनल का टिकट पक्का किया है. शक्ति नगर नया गांव की रहने वाली सोनिया की रुचि बचपन से ही खेल-कूद में थी. लिहाजा काफी कम उम्र से उन्होंने लॉन्ग जंप में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था. सोनिया ने 12 साल की उम्र में कंपटीशन में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था. 18 साल की उम्र में सोनिया ने ढेरों ट्रॉफी और मेडल जीत कर देश-प्रदेश का नाम रोशन किया है. सोनिया ने यूपी एथलेटिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर सभी पारिवारिक समस्याओं को पीछे छोड़ते हुए कामयाबी की दास्तां लिखी है. वो उन सभी लोगों के लिए उदाहरण है जो परिस्थितियों का हवाला देकर किस्मत को कोसते हैं. सोनिया का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 5.92 मीटर की छलांग लगाकर एशिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करना है।



## सोनिया के पिता करते हैं मजदूरी

एथलीट सोनिया के पिता मजदूरी करते हैं. सोनिया ने 10 साल पहले सोनकपुर स्टेडियम में प्रवेश लिया था. यहां उसने लॉन्ग जंप में अभ्यास शुरू किया था, लेकिन स्टेडियम में कोच ना होने से सोनिया का खेल आगे नहीं बढ़ रहा था. कई बार उसने स्टेडियम छोड़ने का मन बनाया. मगर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. लॉन्ग जंप के सभी खिलाड़ियों ने निजी कोच रखने की योजना बनाई. जिसके बाद कोच सौरभ ने सोनिया को प्रशिक्षण देना शुरू किया. उन्होंने सोनिया के खेल को निखारना शुरू किया. सोनिया ने वर्ष 2016 में गोरखपुर में पहला स्वर्ण पदक जीता थी. अभी तक वो राज्य स्तर पर सात गोल्ड जीत चुकी है।

# अफरीदी ने 20 साल की उम्र में मामा की बेटी से किया निकाह, शादी के लिए बेलने पड़े थे पापड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने 20 साल की उम्र में अपने मामा की बेटी नादिया के साथ निकाह किया था. तब से वे करीब 19 साल से एक साथ हैं. नादिया बहुत ही रिर्जव्ड हैं, जिनको कभी भी शाहिद के साथ मैच के दौरान नहीं देखा गया. शाहिद अफरीदी ने साल 22 अक्टूबर 2000 में नादिया से शादी की थी. ये उनकी रिश्ते में ममेरी बहन लगती हैं. नादिया, शाहिद अफरीदी के सगे मामा की बेटी हैं. शाहिद और नादिया अक्सा, अंशा, अजवा, असमारा और अरवा नाम की 5 बेटियों के माता-पिता हैं.

## अफरीदी ने 20 साल की उम्र में मामा की बेटी से किया निकाह

शाहिद अफरीदी की पत्नी नादिया पेशे से एक डॉक्टर हैं. शाहिद अफरीदी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह एक बार अपने घर से जा रहे थे तो मजाक में अपने पिता से कहा था कि उनके लिए वो कोई लड़की ढूंढ लें. अगली बार जब वह वापस लौटे तो उनके पिता ने उन्हें बताया कि उनके लिए उन्होंने लड़की ढूंढ ली है. शाहिद अफरीदी के पिता ने बताया कि उन्होंने उनके लिए नादिया को चुना है. नादिया को अफरीदी बचपन से ही जानते थे. इसके अलावा 3 और ऐसे क्रिकेटर हैं, जिन्होंने प्यार के आगे रिश्तेदारी को भी नहीं देखा और अपनी कजिन बहन से ही शादी कर ली. इस लिस्ट में बड़े-बड़े नाम शामिल हैं.

# पहली बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा भारत, जानें कब खेला जाना है

**बेंगलुरु.एजेंसी।** भारत तीन से 12 अगस्त तक पहली बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इस शहर में होगा. इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन का सातवां सत्र सितंबर में चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों के तैयारी के रूप में काम करेगा. तमिलनाडु के खेल मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने यह घोषणा करते हुए कहा कि यह अच्छा है कि हॉकी उस शहर में वापसी कर रहा है, जो कभी दक्षिण भारत में खेल की राजधानी हुआ करता था. भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि इस साल सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चेन्नई में होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम की कड़ी परीक्षा होगी. भारत एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की कोशिश करेगा. हरमनप्रीत ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमारी टीम में से अधिकतर खिलाड़ी पहली बार चेन्नई में खेलेंगे. मुझे याद है कि हमारे सीनियर खिलाड़ी 2007 में चेन्नई में खेले गए एशिया कप के बारे में बात किया करते थे जो कि भारत के लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट रहा था. उन्होंने कहा, यह टूर्नामेंट खुद को परखने के दृष्टिकोण से हमारे लिए बहुत अच्छा होगा क्योंकि हमें उन टीमों का सामना करना है जिनसे हम एशियाई खेलों में भिड़ेंगे. एशियाई खेलों से पहले यह टीम के लिए कड़ी परीक्षा होगी.



हरमनप्रीत ने कहा, इससे हमें अपने विरोधियों को भी परखने का मौका मिलेगा जिससे हमें एशियाई खेलों की अच्छी तरह से तैयारी कर पाएंगे जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना है. भारत ने 2011 में पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था. उसने 2016 में फाइनल में पाकिस्तान को हराकर अपने खिताब का बचाव किया था. इसके बाद 2018 में फाइनल मैच बारिश से प्रभावित रहा जिसके कारण भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित किया गया था. ढाका में 2021 में खेले गए टूर्नामेंट में भारत तीसरे स्थान पर रहा था. वहीं, खेल मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने कहा, हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की चेन्नई में मेजबानी करना बेहद खुशी और सम्मान की बात है. यह शहर कभी दक्षिण भारत में हॉकी की राजधानी हुआ करता था और यहाँ कई प्रतिष्ठित घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती थीं. उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि यहां हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से इस क्षेत्र में खेल की लोकप्रियता बढ़ेगी और एशिया में शीर्ष टीमों को देखने से युवा पीढ़ी भी हॉकी को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित होगी. चेन्नई ने पिछली बार 2007 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी एशिया कप के रूप में की थी. उस समय यहां का मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम भारतीय टीम के लिए भाग्यशाली साबित हुआ जिसने फाइनल में कोरिया को 7-2 से हराकर खिताब जीता था. एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में तीन बार की चैम्पियन भारत के अलावा गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन हिस्सा लेंगे. आयोजकों ने कहा कि पाकिस्तान ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है. उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में भाग लेता है तो उसे पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी.÷ उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान 25 अप्रैल तक अपनी भागीदारी की पुष्टि करेंगे. हॉकी इंडिया (एचआई) के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने पहले ही चेन्नई में आयोजन स्थल का दौरा कर या है और टूर्नामेंट की तैयारियों का जायजा लिया है।

## रंग संसार

# अमिताभ बच्चन की पोती आराध्या ने खटखटाया दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिताभ बच्चन की पोता और ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या बच्चन एक बार फिर से चर्चा मे है और इसकी वजह इस बार उनके कपड़े और हेयरस्टाइल नहीं है. दरअसल बॉलीवुड के सबसे बड़े घर की पोती और बेटी आराध्या बच्चन के नाम पर जो फेक खबरें चल रही हैं उससे पूरा बच्चन परिवार परेशान हो गया है और यही वजह है कि अब उन्होंने इसके लिए कानून का सहारा लिया है, दरअसल पिछले काफी समय से आराध्या बच्चन को स्वास्थ से लेकर उनकी बाकि चीजों से जुड़े फेक न्यूज चल रही थी और इस मामले में बच्चन परिवार ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, तो चलिए जानते हैं क्या है पूरा मामला.



इस फेक न्यूज के बाद अब बच्चन परिवार काफी नाराज है. परिवार के तरफ से दाखिल याचिका में कहा गया है कि आराध्या अभी छोटी है और ऐसे में इस तरह की फेक न्यूज उसके लिए परेशानी है. खबरों की मानें तो दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सी हरिशंकर की एकल जज पीठ इस याचिका पर आज सुनवाई करेगी.

## यूट्यूब चैनल और एक वेबसाइट पर हुआ केस

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन की तरफ से दिल्ली हाई कोर्ट में 2 यूट्यूब चैनल और एक वेबसाइट के खिलाफ याचिका दायर की गई है. इस पर कल सुनवाई होनी है. दरअसल, बच्चन परिवार की तरफ से कहा गया है की आराध्या के स्वास्थ्य को लेकर कुछ फर्जी जानकारी इस यूट्यूब चैनल और वेब साइट पर लगातार दिखाई जाती हैं जो कि बेहद आपत्तिजनक हैं।

## आराध्या को लेकर चल रही है फेक न्यूज

अमिताभ बच्चन की पोती और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या महज 11 साल की हैं, लेकिन आराध्या ने फेक न्यूज के मामले में ये याचिका दायर की है. दरअसल आराध्या को लेकर चल रही

## महज 11 साल की हैं आराध्या

ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या बच्चन आए दिन किसी ना किसी वजह से चर्चा में बनी ही रहती हैं और उन्हें अक्सर उनके फैशन और साथ ही हेयर स्टाइल के लिए ट्रोल किया जाता रहा है. बता दें आराध्या बच्चन भले ही सबसे बड़े सेलेब्स की पोती और बेटी हो लेकिन वो हमेशा लाइमलाइट से दूर रहती हैं. आराध्या बच्चन को तस्वीरें तभी वायरल होती हैं जब वो अपने परिवार के साथ किसी फंक्शन या फरि पार्टी का हिस्सा बनती हैं. ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन 11 साल की हैं और धीरुभाई अंबानी स्कूल में पढ़ती हैं. आराध्या को अकसर इवेंट्स में मां-बाप के साथ देखा जाता है।

# महिला को धमकी देने के आरोप में स्टाइल फेम साहिल खान के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टाइल और एक्सक्यूज मी फिल्म याद है? उन फिल्मों में नजर आए बॉलीवुड एक्टर साहिल खान बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। उनके खिलाफ एक महिला को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस ने साहिल खान के खिलाफ कथित रूप से धमकाने और सोशल मीडिया पर पीड़िता के बारे में अपमानजनक पोस्ट लिखने के बारे में एफआईआर दर्ज की है। पूरा मामला क्या है, आइए बताते हैं। स्टाइल फिल्म से पॉपुलर हुए एक्टर साहिल खान कुछ महीने पहले अपने एक गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स को लेकर चर्चा में थे। तब हर तरफ उनकी वाहवाही हो रही थी। अब फिर एक बार साहिल खान चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वह कानूनी मुश्किल में फंस गए हैं। साहिल के खिलाफ एक महिला ने एफआईआर दर्ज करवाई है। एएनआई के मुताबिक, महिला ओशिवारा की रहने वाली है। उसने मुंबई पुलिस में एक्टर के खिलाफ 15 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि महिला के मुताबिक, फरवरी 2023 में साहिल खान का एक महिला के साथ पैसों को लेकर झगड़ा हुआ था। महिला का आरोप है कि साहिल खान ने तब न सिर्फ उसके साथ बदतमीजी की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि साहिल खान ने उसके और उसके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट किए। महिला की शिकायत पर साहिल खान के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# राखी को मिली धमकी- सलमान खान के बाद राखी सावंत को लॉरेंस बिश्नोई ने दी धमकी कहा- सलमान से दूर रह वरना तुझे...



**मुंबई, एजेंसी।** राखी सावंत आए दिन किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस राखी सावंत बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के बहुत करीब हैं। दोनों एक दूसरे के साथ एक खास बॉन्ड शेयर करते हैं। राखी सलमान खान को उनका भाई मानती हैं और हमेशा उनकी सपोर्ट करती हैं। वहीं सलमान भी अपने भाई होने का पूरा फर्ज निभाते हैं वे हमेशा राखी की हेल्प करते हैं। पिछले कुछ समय से सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई से जान से मारने की धमकी मिल रही है। जिसके बाद से सलमान काफी सिक्योरिटी में हैं। लेकिन इस बार सलमान को नहीं बल्की राखी को धमकी भरा मेल आया है। सलमान के बाद अब लॉरेंस बिश्नोई ने राखी को धमकी भरा मेल भेज कर सलमान से दूर रहने की सलाह दी है।

## राखी को मिली धमकी

राखी सावंत को सलमान खान के मैटर से दूर रहने के लिए कहा गया है राखी को लॉरेंस बिश्नोई ने एक धमकी भरा मेल भेजा है, जिसके बारे में एक्ट्रेस ने खुलकर मीडिया के सामने इस बारे में बात की है। राखी को प्रिंस माफी शख्स के नाम के एक व्यक्ति से दो ईमेल मिले हैं, जो खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से होने का दावा करता है। पहला ईमेल राखी को 18 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर भेजा गया था और दूसरा ईमेल भी इसी दिन दोपहर 1 बजकर 19 मिनट पर भेजा गया था।

## पहले मेल में लिखा ये

राखी सावंत को जो दो धमकी भरा ईमेल मिला उसमें पहले ईमेल में लिखा था- राखी हमारी तेरे साथ कोई लड़ाई नहीं है। तू सलमान खान के मामले में बीच में मत हो वरना तुझे बहुत प्रॉब्लम हो जाएगी। तेरे भाई सलमान को हम बॉम्बे में ही मारेंगे। वो कितनी भी सिक्योरिटी बढ़ा ले। अबकी बार उसे सिक्योरिटी में ही मारेंगे। लास्ट वॉर्निंग है राखी तेरे लिए। वरना फिर तू तैयार रहना।

## दूसरे में लिखा ये

दूसरे ईमेल में लिखा था- राखी हम तेरे को लास्ट बार समझा रहे हैं। इसके बाद नहीं बोलेंगे। सलमान खान को कोई नहीं बचा सकता। हमें किसी का कोई डर नहीं है। सलमान का घमंड तोड़ना है। बहुत घमंड है उसके अंदर पैसे और पावर का या तो वो भाई गोल्डी से बात करे या मरने के लिए तैयार हो जाए। उसको उसके घर के बाहर ही मारेंगे बहुत जल्दी।

## सलमान के पीछे क्यों पड़ा है बिश्नोई?

दरअसल, सलमान के पीछे लॉरेंस बिश्नोई का पीछा पड़ना उनका काले हिरण का शिकार करना है। राजस्थान के जोधपुर में बिश्नोई समाज से बड़े लोग ताल्लुक रखते हैं। यह समाज प्रकृति और जीव-जन्तुओं से प्यार करने के लिए जाना जाता है। यह समाज जानवर को भगवान का स्वरूप मानते हुए उसकी पूजा करता है। वहीं बिश्नोई समाज में सबसे ज्यादा हिरण की पूजा की जाती है वो इसके लिए जान की बाजी लगाने के लिए भी तैयार रहते हैं। लॉरेंस चाहता है कि सलमान बिश्नोई समाज से इसकी माफी मांगे, वरना वह उन्हें जान से मार देंगे। सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान ईद के दिन 21 अप्रैल को सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले मिल रही धमकियों से हर कोई हैरान है।

# फेमस पॉप स्टार मूनबिन का 25 साल की उम्र में निधन, आत्महत्या की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेमस पॉप स्टार और एस्ट्रो मेंबर मूनबिन ने 25 वर्ष की उम्र अलविदा कह दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, के-पॉप आइडल सियोल के गंगनम-गु में अपने अपार्टमेंट में मृत मिले। पुलिस अधिकारी का मानना है कि मूनबिन ने आत्महत्या की है। पुलिस इस मामले में तेजी से जांच कर रही है।अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में कहा गया है कि मूनबिन 19 अप्रैल यानि मंगलवार की रात करीब 8÷10 बजे अपने घर में मृत मिले, जिसके बाद मैनेजर ने इस बात की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। उनकी एजेंसी फैंटेगियो का अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है। जानकारी के अनुसार मूनबिन ने सान्हा के साथ एस्ट्रो यूनिट समूह के साथ अपनी वापसी की थी और वे एक फैन कॉन टूर में प्रदर्शन करने वाले थे। हालांकि, आयोजकों ने अब एक बयान जारी कर कहा है, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि 2023 मूनबॉन एंड सान्हा फैन कॉन टूर÷13 मई को होने वाला डिफ्यूजन रद्द किया जाता है। हमें इस घटना को हमारे नियंत्रण से बाहर की अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण रद्द करना पड़ा, जिसे हम टाल नहीं सकते थे।÷2016 में बॉय बैंड एस्ट्रो में शामिल होने से पहले मूनबिन एक अभिनेता और मॉडल थे, उन्होंने मूनबिन और संहा नामक एक उप-समूह के साथ भी प्रदर्शन किया। एस्ट्रो में शामिल होने से पहले एक बच्चे के रूप में फंटागियो के प्रशिक्षु कार्यक्रम में शामिल हुए। समूह मूल रूप से छह कलाकार थे, लेकिन फरवरी 2023 में एक सदस्य छोड़ दिया गया। उनकी बहन मून सुआ भी एक के-पॉप गायिका हैं, जो लड़की समूह बिली के हिस्से के रूप में प्रदर्शन करती हैं। गायिका और अभिनेत्री गू हारा 2019 में सियोल में अपने घर में मृत पाई गई थीं। उनके करीबी दोस्त, के-पॉप स्टार सुली ने उसी साल ऑनलाइन बुलिंग से लंबे संघर्ष के बाद खुद को मार लिया था। 2018 में, बॉय बैंड 100% के मिनवू की घर पर मृत्यु हो गई थी, उनके लेबल ने केवल यह कहा कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था। दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े लड़कों के बैंड शाइनी के सदस्य जोंघ्युन का 2017 में निधन हो गया था।



# बाइक सवार पिता-पुत्र को ट्राला ने कुचला, दोनों की मौत

## कटनी-शहडोल मार्ग पर घुनघुटी के जंगल में दर्दनाक हादसा, कैमोर से त्रयोदशी संस्कार में शामिल होने गए थे बुढार









**कटनी, यशभारत।** कटनी-शहडोल रेलखंड के सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर दो मालगाड़ियों में भीषण भिड़ंत के बाद ट्रेनों का परिचालन बंद होना कैमोर निवासी पिता-पुत्र को महंगा पड़ गया। ट्रेनें बंद रहने की वजह से पिता-पुत्र रिश्तेदारी में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने मोटर सायकल से बुढ़ार गए और वहां से लौटते समय घुनघुटी के जंगल में सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि बाइक सवार पिता-पुत्र को भारी भरकम ट्राला ने अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कैमोर की गुड़गड़ौहा ग्राम पंचायत के लालनगर क्षेत्र निवासी 52 वर्षीय हरिप्रसाद बढ़ोलिया की रिश्तेदारी बुढ़ार में है। जहां कल गुरूवार को त्रयोदशी कार्यक्रम था। बताया जाता है कि ट्रेनें नहीं चलने के कारण हरिप्रसाद बढोलिया अपने 28 वर्षीय पुत्र शांतनु के साथ मोटर सायकल में सवार होकर त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने बुढार गए। बताया जाता है कि बुढ़ार से लौटते समय उमरिया जिले के बिरसिंगपुर पाली थाना अंतर्गत शहडोल और घुनघुटी के बीच ट्राला क्रमांक एम.पी.65जीए-2012 ने बाइक सवार पिता-पुत्र को अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्राला का ड्राइवर वाहन के साथ वहां से फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने पीछा करते हुए बुढार बेरियल के पास से पकड़ लिया है। वहीं दुर्घटना में कालकवलित हुए पिता-पुत्र का पीएम आज सुबह शुरू कराया गया। बताया जाता है कि शवपरीक्षण के बाद दोनों के शव दोपहर बाद कैमोर पहुंचेंगे।

### क्षेत्र में शोक की लहर

उधर पिता-पुत्र के एक साथ दुर्घटना में कालकवलित होने की खबर के बाद कैमोर के लालनगर क्षेत्र में शोक की लहर है। घर में लोगों की भीड़ लगी हुई है तथा परिजनों का करूण रूदन जारी है।

### पूर्वमंत्री ने भी जताया शोक

सड़क हादसे में पिता-पुत्र के दुखद निधन पर विजयराघवगढ़ विधायक एवं पूर्वमंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक ने भी शोक जताया है तथा परम पिता परमेश्वर से बढोलिया परिवार हुए इस वज्राघात को सहन करने की प्रार्थना की है।

## रमजान पर जगमगा रही नगीना मस्जिद



मुस्लिम समाज के पाक माह रमजान के चलते मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में चहल-पहल बढ़ी हुई है। रोजा अफ्तार के कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित हो रहे हैं। मिशन चौक स्थित नगीना मस्जिद में विद्युत की आकर्षक साजसज्जा से पूरी मस्जिद आकर्षण का केंद्र बन गई है। ईद को देखते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने घरों में भी तैयारियां शुरू कर दी है।

## ईदुल फितर की तैयारियां अंतिम दौर पर

**कटनी, यशभारत।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र ईदुल फितर की तैयारियां अंतिम दौर पर पहुंच गई हैं। अंजूमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष लिप्पू भाई ने बताया कि आज शाम यदि चांद का दीदार हो गया तो कल 22 अप्रैल शनिवार को ईद मनाई जाएगी। अन्यथा ईदुल फितर का त्योहार 23 अप्रैल रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी ईदगाह आदर्श कॉलोनी में सुबह 8 बजे ऐनुल हक साहब द्वारा ईद की नमाज अदा कराई जाएगी।

## कुठला पुलिस ने किया पुरैनी बस्ती में अवैध कारखाना भंडाफोड़

# मामा-भांजे बना रहे थे नकली टाटा नमक और जैस्मिन हेयर ऑयल

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी बस्ती में नकली टाटा नमक और जैस्मिन हेयर ऑयल बनाया जा रहा था। गुरुवार को कुठला पुलिस ने बस्ती में संचालित इस अवैध कारखाना में छापामार कार्रवाई कर इस कारोबार का भंडाफोड़ किया है। नकली सामान का यह कारोबार मामा-भांजा मिलकर चला रहे थे। मौके से एक क्विंटल नमक व 1000 लीटर नकली जैस्मिन हेयर ऑयल जप्त किया गया है वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन को पुरैनी बस्ती में नकली नमक और आयॅल बनने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने पुलिस बल के साथ पुरैनी बस्ती में जय लाल साहू के रहवासी मकान में दबिश दी और नकली टाटा नमक और नकली जैसमिन हेयर ऑयल को बनाने की फैक्ट्री को रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस को जयलाल साहू के मकान में नकली टाटा नमक के 1 केजी की क्षमता वाले 1100 नग सीलबंद तैयार किए गए पैकेट मिले हैं, जिसके लिए टेटवा कंपनी के नमक की बोरियां का नमक इस्तेमाल किया गया है। मौके पर टेटवा कंपनी के नमक की भरी और खाली बोरियां मिली है। पुलिस को 90 एमएल की क्षमता वाले नकली जैसमिन कोकोनट हेयर ऑयल की प्लास्टिक की भरी हुई 1000 शीशी मिली, जिनमें पैराशूट एडवांसड जैसमिन कोकोनोट हेयर ऑयल लिखा है। जिन्हें भरने के लिए इस्तेमाल किया गया। तीन कुप्पो में बंसल कंपनी का साधारण तेल जप्त किया गया है। टाटा कंपनी के 1 केजी के क्षमता वाले 400 नग रैपर जप्त किए गए हैं। नकली तेल बनाए जाने के लिए 90 एमएल की क्षमता वाली 1500 प्लास्टिक की शीशियां मय ढक्कन, 23000 स्टीकर, टाटा नमक की प्लास्टिक की खाली 500 रैपर, तेल भरे जाने हेतु चुंगी एवं सीलिंग मशीन जप्त की गई है।



### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस द्वारा मौके पर पुरैनी निवासी 58 वर्षीय जय लाल साहू एवं उसके भांजे 25 वर्षीय धनीराम को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1.50 लाख रुपए का नकली नमक एवं नकली तेल जप्त कर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी जय लाल साहू से नकली नमक और नकली तेल की फैक्ट्री को चलाने और नकली माल को बेचने में सहआरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## स्वसहायता समूहों के माध्यम से उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु लायसेंस जारी करने निर्देश

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्वसहायता समूहों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु विकासखंडवार पात्र पाये गए आवेदनों का परीक्षण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाकर पात्र आवेदनों हेतु मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधान अनुसार स्व सहायता समूहों को दुकान आवंटन प्राधिकार जारी करनें के निर्देश दिए गए है। विदित हो कि चार विक्रेताविहीन ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु अनुशंसा सहित प्रेषित विकासखण्डवार आवेदनों जिला स्तरीय समिति के परीक्षण के दौरान पात्र पाये गये है। अनुविभाग जिला कटनी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विकासखण्ड बड़वारा की गुडाकलॉ दुकान हेतु राधिका स्व सहायता समूह, विकासखण्ड कटनी की पिपरिया हेतु सानिया स्व सहायता समूह को अधिकृत किया है।

























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)